तापमान

अधिकतम 31.8 डिग्री

न्यूनतम 21.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 5 मार्च 2024




आधार सीडिंग के लिए सोमवार को राजकिशोर नगर स्थित स्टेट बैंक में महिलाओं की भीड़ रही। इस दौरान बैंक का शटर बंद भी करना पड़ा।


## खबर संक्षेप

### कल से डोंगरगढ़ में भी रूकेगी वंदेभारत एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** वंदे भारत एक्सप्रेस अब डोंगरगढ़ में भी रूकेगी। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर एवं नागपुर के मध्य चलने वाली 20825/20826 बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव दक्षिण पूर्व रेलवे के "डोंगरगढ़" स्टेशन पर दिया जा रहा है। यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर 6 मार्च से गाड़ी संख्या 20826 नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को एवं 7 मार्च से गाड़ी संख्या 20825 बिलासपुर- नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को दिया जा रहा है। डोंगरगढ़ से पहले एवं बाद के स्टेशनों में गाड़ी की ठहराव की समय-सारणी जारी कर दी गई है।

### डाक अदालत कल, सुनेंगे ग्राहकों की समस्याएं

**बिलासपुर।** भारतीय डाक विभाग के द्वारा जन समस्याओं के निराकरण के लिए 6 मार्च को सुबह 11 बजे कार्यालय अधीक्षक डाक घर बिलासपुर संभाग बिलासपुर में डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं की सुनवाई होगी और निराकरण किया जाएगा। कार्यालय डाक घर अधीक्षक ने बताया कि इस कैंप में काउंटर सेवा, मनी आर्डर, बचत बैंक, मूल्य देय वस्तुएं, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण जीवन बीमा, स्पीड पोस्ट वस्तुएं व विदेशी डाक वस्तुए आदि से जुड़ी समस्याओं की सुनवाई होगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता 5 मार्च तक कार्यालय अधीक्षक डाक घर बिलासपुर को शिकायत भेज सकते हैं।


मल्टीपार्किंग के इस नक्शे में दुकान बनाने का प्लान ही नहीं था।


दुकान निकालने के लिए जहां जगह मिल रही वहीं शटर लगा रहे हैं।

डीबी ने शासन और बिलासपुर स्मार्ट सिटी कंपनी को जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया

याचिका में दुकानों के निर्माण में भूतल का वेन्टीलेशन बंद करने और अग्नि सुरक्षा नहीं होने का आरोप

## कोतवाली में मल्टीलेवल पार्किंग: दुकानों का आबंटन हाईकोर्ट के निर्णय से रहेगा बाधित

**बिलासपुर।** स्मार्ट सिटी बिलासपुर द्वारा कोतवाली परिसर में बनाए जा रहे मल्टीलेवल पार्किंग में दुकान निर्माण और बिना आरक्षण आवंटन को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की खण्डपीठ ने राज्य शासन और बिलासपुर स्मार्ट सिटी कंपनी को इस जनहित याचिका का जवाब देने के लिए निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया है। साथ ही हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी भी दुकान का आबंटन इस याचिका पर अंतिम निर्णय से बाधित होगा। याचिका में दुकानों के निर्माण में



भूतल का वेन्टीलेशन बंद करने और अग्नि सुरक्षा पर समझौता करने का भी आरोप लगाया गया है। याचिका में यह भी कहा गया है कि जमीन का स्वामित्व भी विवादों में है।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की खण्डपीठ ने राज्य शासन और बिलासपुर स्मार्ट सिटी कंपनी को उस जनहित याचिका का जवाब देने के लिए निर्देश दिया है जिसमें बिलासपुर सिटी कोतवाली परिसर में मल्टीलेवल कार पार्किंग के भूतल पर दुकान निर्माण और बिना आरक्षण नियमों के दुकानों के आवंटन को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट की डीबी महाधिवक्ता प्रफुल भारत की उस दलील से संतुष्ट नहीं हुई जिसमें कहा गया कि स्मार्ट सिटी एक एसपीवी कंपनी है इसलिए आरक्षण नियम लागू नहीं होते। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव का तर्क था कि स्मार्ट सिटी का स्वामित्व राज्य सरकार और नगर निगम का है इसलिए वह सरकारी कंपनी है और उस पर निगम के आरक्षण नियम पूरी तरह लागू होते हैं।

### बिना नक्शा पास बना रहे दुकानें जमीन भी निगम की नहीं

याचिका में दुकानों का निर्माण बिना नक्शा पास किए और भूखण्ड का स्वामित्व नहीं होने को भी चुनौती का आधार बनाया गया है। यह भी ध्यान रहे कि स्वयं शासन ने सुनवाई के दौरान स्वीकार किया कि पहले दुकानों के निर्माण की कोई योजना नहीं थी और केवल कार पार्किंग बनाई जा रही थी। बाद में दुकानें निर्मित की गई है। नंद किशोर राज कार्यकर्ता गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और महेश दुबे टाटा ने याचिका के साथ कार पार्किंग व दुकानों के फोटोग्राफ भी लगाए हैं, जिससे कि दुकानों का कोई नक्शा पास नहीं है और कार पार्किंग में सभी वेंटीलेशन को बंद कर दुकानें निकली गई।

### पार्किंग की योजना पुरानी जबरदस्ती बना दी दुकान

गोलबाजार में पार्किंग की समस्या चार दशक से भी ज्यादा पुरानी है।वर्षों से यह प्लानिंग की जा रही थी कि यहां केवल एक खाली जमीन कोतवाली परिसर है जिसे पार्किंग बनाकर पूरे बाजार को व्यवस्थित किया जा सकता है। इसके लिए शहर के कुछ प्रमुख आर्किटेक्ट ने जो नक्शा तैयार किया था उसमें किसी भी तरह के दुकान का कोई प्रावधान इसलिए नहीं किया गया था ताकि एक और नया मार्केट बनाकर पार्किंग की जगह समाप्त न की जाए।इससे समस्या बढ़ जाएगी लेकिन इस महत्वपूर्ण सुझाव की अनदेखी की गई।

### कोर्ट ने पूछा- दुकान आबंटन का अधिकार स्मार्ट सिटी को कैसे

गौरतलब है कि नगर निगम स्थाई संपत्ति अंतरण नियम 1994 के अनुसार दुकानों के आवंटन में नगर निगम क्षेत्र की एससी, एसटी, ओबीसी जनसंख्या के हिसाब से और महिला, विकलांग, भूतपूर्व सैनिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जैसी श्रेणियों के लिए भी दुकानें आरक्षित करने का प्रावधान है। सोमवार को सुनवाई के दौरान शासन ने स्वयं यह हाईकोर्ट को बताया कि जून 2024 में स्मार्ट सिटी कंपनी समाप्त हो जाएगी और उक्त परिसर नगर निगम बिलासपुर के कब्जे में रहेगा। इस स्तर पर खंण्डपीठ ने सवाल उठाया कि फिर आप आज दुकान आवंटन करने का अधिकार कैसे रखते हैं। इसका जवाब शासन की ओर से नहीं दिया जा सका। सुनवाई में स्मार्ट सिटी की ओर से अधिवक्ता शशांक ठाकुर नगर निगम की ओर से आशीष तिवारी, केन्द्र सरकार की ओर से रमाकांत मिश्रा और याचिका दाखिल करने वाले सुदीप वर्मा उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका

## जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह ने पार्टी छोड़ी, भाजपा में शामिल

**बिलासपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष और कांग्रेस के बड़े नेता अरुण सिंह चौहान समेत जिला पंचायत के सभापति राजेश्वर भार्गव, सदस्य राहुल सोनवानी, अखिलेश पांडे, कमल गुप्ता, इशाक खान, राम नारायण राठौर जैसे कांग्रेसी भाजपा में शामिल हो गए है। ध्यान देने वाली बात है कि सभी नेता उन विधानसभा क्षेत्रों से आते है जहां अभी कांग्रेस के विधायक है। अरुण सिंह चौहान कोटा विधानसभा क्षेत्र से आते हैं जहां कांग्रेस के विधायक अटल श्रीवास्तव हैं तो सभापति राजेश्वर भार्गव, राहुल सोनवानी और जनपद सदस्य गोपी पटेल मस्तूरी क्षेत्र से हैं जहां कांग्रेस के दिलीप लहरिया विधायक हैं। सोमवार को इस खबर के सामने आते ही अरुण सिंह को कई बड़े कांग्रेस नेताओं के फोन आते रहे। मगर इधर रायपुर में उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली। बातचीत में अरुण सिंह ने कहा मैं भाजपा के संपर्क में था। मुझे भाजपा के विचार और काम अच्छे लगे और लगा कि मुझे यहीं काम करना है इसलिए सदस्यता ली है। कांग्रेस के विवाद के बारे में पूछे जाने पर अरुण ने कहा मैं किसी पर टिपण्णी या समीक्षा नहीं करूंगा।

- **मस्तूरी क्षेत्र के सभापति राजेशवर भार्गव, राहुल सोनवानी और जनपद सदस्य गोपी पटेल भाजपा में शामिल**

विधानसभा चुनाव के बाद अब कांग्रेस में भगदड़ जैसी स्थिति आ गई है। सत्ता रहते हुए जिन लोगों की उपेक्षा की गई और या जिन लोगों की साथ राजनीतिक गुणाभाग कर धोखा दिया गया वो अब खुलकर बगावत कर रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान हैं, जिन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से सोमवार को इस्तीफा दिया और उसी दिन रायपुर में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री विषुणुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, अजय जामवाल, पवन साय की उपस्थिति में अरुण सिंह चौहान ज़िला पंचायत अध्यक्ष, राजेश्वर भार्गव सभापति, राहुल सोनवानी सभापति, रामनारायण राठौर ज़िला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, गोपी पटेल जनपद सदस्य, घनश्याम यादव पूर्व सरपंच पंधी ने भाजपा में प्रवेश किया।



### भाजपा से नजदीकी भांप नहीं सके कांग्रेसी

खबर है कि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान कोटा विधानसभा से टिकट मांग रहे थे। उन्होंने इसके लिए पीसीसी के समक्ष विधिवत आवेदन भी किया था लेकिन उनके नाम पर विचार तक नहीं किया गया। चुनाव के बाद तो स्थानीय कांग्रेस विधायक ने उन्हें पूछना तक बंद कर दिया था। लगातार शिकायत भी श्री चौहान कर रहे थे कि उन्हें कार्यक्रमों में नहीं बुलाया जाता है।

### जहां कांग्रेसी विधायक वहीं से हो गई बगावत

पूरे मामले को राजनैतिक समीकरण के हिसाब से देखें तो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले यह सभी नेता उन विधानसभा क्षेत्रों से आते हैं जहां अभी कांग्रेस के विधायक हैं। जिन क्षेत्रों में भाजपा के विधायक हैं वहां से कांग्रेस का कोई कार्यकर्ता अभी तक बागी नहीं हुआ है। बहरहाल बिलासपुर के बड़े इलाके में राजनीतिक प्रभाव रखने वाले अरुण सिंह के कांग्रेस छोड़ने से साफ है कि भीतरी तौर पर पार्टी में कुछ ठीक नहीं चल रहा है।

### लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को यह बड़ा झटका लगा है। कोटा विधानसभा में जहां से कांग्रेस को बढ़त मिली और अटल श्रीवास्तव विधायक बने हैं वहां जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान का प्रभाव माना जाता है। जाहिर है उनके भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस को नुकसान होगा ही। वैसे भी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को बिलासपुर सीट से लगातार हार ही मिल रही है।

### पार्टी छोड़ने का फैसला चौंकाने वाला

अरूण सिंह चौहान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे हैं। पार्टी ने ही उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष पद तक पहुंचाया। उनका पार्टी छोड़ने का फैसला चौंकाने वाला रहा है। खबर मिलते ही उनके साथ सभी को मनाने का प्रयास किया गया। उनकी शिकायतों और आपत्तियों पर भी ध्यान दिया जा रहा था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अलावा वरिष्ठ नेताओं को भी इसकी जानकारी दे दी गई है।

- **विजय केशरवानी**, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी



## खबर संक्षेप

### स्वामी भजनानंद आश्रम केंदई में कलश यात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ



**बिलासपुर।** स्वामी भजनानंद आश्रम केंदई में सोमवार को 43वां विष्णु महायज्ञ प्रारंभ हुआ। सुबह 9:30 बजे पंचांग पूजन के बाद करमा नित्य के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें मुख्य यजमान पवन गोयल के अलावा श्री विनश पालीवाल, यज्ञ समिति के अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, विजय तिवारी, सागरमल धनोदिया, पवन अग्रवाल, शिव शंकर अग्रवाल सहित अन्य भक्त जन बड़ी संख्या में शामिल हुए। 6 मार्च को यहां निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। 10 मार्च को सामूहिक विवाह के साथ यज्ञ का समापन होगा।

### आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 157 का इलाज




**लोरमी।** आयुष विभाग द्वारा जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ध्रुव के निर्देशन में ग्राम पंचायत तेलियापुरान में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में डॉ.वीणा वर्मा, डॉ. संदीप कुमार श्रीवास के द्वारा वातरोग, बीपी, शुगर, ज्वर, कास उदर विकार इत्यादि बीमारियों की जांच कर दवा प्रदान की गई। महिलाओं को मासिक धर्म के समय स्वच्छता का ध्यान रखने एवं स्वस्थ दिनचर्या का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा नित्य प्रतिदिन योग करने के महत्व को भी बताया। शिविर में 157 लोगों की जांच, उपचार किया गया। शिविर को सफल बनाने में ग्राम पंचायत तेलियापुरान सरपंच सविता भानु कश्यप, सचिव अशोक कुमार साहू, आयुष विभाग के कर्मचारी अश्वनी दिवाकर ,नीर सिंह ध्रुव, आजाद सिंह चंद्रवंशी, कृष्ण कुमार दुबे, ईश्वर सिंह ध्रुव, हाथी राम यादव एवं ग्राम वासियों का योगदान रहा।

### सभी के प्रयासों से नशा मुक्ति संभवः कौशिक



**दगोरी।** छत्तीसगढ़ सन्नाड्य छत्रिय कुर्मी समाज द्वारा सामाजिक भवन चकरभाठा कैंप में कार्यकारिणी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के अध्यक्ष परमेश्वर कौशिक ने कहा कि नशा के कारण घर, परिवार व समाज में कलह हो रहा है। अतः हम सबको इसके लिए मिलजुलकर सामूहिक प्रयास करना चाहिए।सामूहिक प्रयास से ही नशा मुक्ति हो सकती है। विभिन्न प्रकरण पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विचार सुझाव दिए तथा पारिवारिक संबंधों को लेकर उचित मार्गदर्शन दिया। इस अवसर बलदाऊ प्रसाद कौशिक, विजय कौशिक, कृष्ण कुमार कौशिक, मनोज सन्नाडया, महेंद्र कौशिक, बनवारी लाल सन्नाडया, रूपेंद्र कौशिक, उमेंद्र कौशिक, विजय कौशिक, केशव वर्मा, राजेश कौशिक, संजय कौशिक, वरुण वर्मा, रिखीराम कौशिक, सीताराम कौशिक, योगेश कौशिक, रवि कौशिक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

### पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जयदीप प्रथम, सागर ने जीते पदक

**लोरमी।** नगर के खिलाडियों ने छग राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशीप 2024 दुर्ग में हिस्सा लिया। जिसमें जयदीप वैष्णव ने स्वर्ण, प्रथम गुप्ता ने रजत और सागर जायसवाल ने कांस्य पदक हासिल किया।

## 108 महाकुण्डीय यज्ञ शिव महापुराण एवं विराट संत सम्मेलन में शामिल हुए सीएम

# छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती, राम हमारे भांचा: साय




पं. प्रदीप मिश्रा का अभिनंदन करते मुख्यमंत्री।



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

**मुंगेली।** ग्राम चलान चातरखार में आयोजित 108 महाकुण्डीय यज्ञ शिव महापुराण एवं विराट संत सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज शामिल हुए। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान प्रसिद्ध शिव महापुराण कथा प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा का अभिनंदन किया और उन्हें नमन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही शिव महापुराण आरती में शामिल होकर प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कथा प्रवक्ता श्री मिश्रा को राज्य अतिथि का दर्जा देने की भी घोषणा की।

■ कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का विष्णुदेव ने किया सम्मान

मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि मुंगेली में 108 महाकुण्डीय यज्ञ शिव महापुराण एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। जिसमें आज लाखों की संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती है, भगवान राम हमारे भांचा है। अयोध्या में 22 जनवरी को जब नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई, तो सबसे अधिक उत्साह छत्तीसगढ़ में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि रामलला दर्शन योजना के तहत सरकारी खर्चे से रामभक्त अयोध्या में भगवान राम का दर्शन करेंगे। 5 मार्च को रायपुर से अयोध्या के लिए ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी पर विश्वास करके छत्तीसगढ़ की जनता ने हमारी सरकार बनाई है, उस पर खरा उतरने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता के तरफ से कथा प्रवक्ता श्री मिश्रा को कार्यक्रम में पहुंचने के लिए धन्यवाद दिया। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि आज हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि मुंगेली की इस धरती में इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। भोले बाबा की महिमा से बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए हैं, इससे ऐसा लग रहा है कि महाशिवरात्रि की शुरुआत हो गई है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के साथ दुनिया में आध्यात्मिक परचम लहराने का काम हुआ है। इस दिन पूरे क्षेत्र को भक्तिमय और आध्यात्ममय करने का काम किया गया है।

### भक्ति से मिलती है शांति

विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि भक्ति की भावना से जिंदगी में सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। संत समागम में साध्वी ऋतम्बरा, राजीव लोचन दास महाराज, साध्वी पुष्पांजली, शैलेषानंद महाराज सहित देश के विख्यात संत शामिल हुए। इस अवसर पर खेलकूद, युवा कल्याण, राजस्व, आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा, संभागायुक्त शिखा राजपूत तिवारी, कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, मुंगेली एसडीएम प्रवीण तिवारी, गणमान्य नागरिक शैलेश पाठक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।



## भालू शावक के अंगों को क्षत विक्षत करने वाले आरोपी वन विभाग के हत्थे चढ़े

**जीपीएम।** जिले के मरवाही वन मंडल के मरवाही वन परिक्षेत्र में 3 माह के नर भालू शावक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने के मामला में डाग स्क्वायड टीम ने लटकोनीखुर्द के तीन ग्रामीणों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरापियों के पास से भालू के दोनों पैर के नाखून एवं अंग जब्त किया है।

■ संदिग्ध परिस्थिति में भालू शावक का मिला था शव

जानकारी के अनुसार पूरा मामला जिले के मरवाही वन मंडल के मरवाही वन परिक्षेत्र का है। जहां पर लटकोनीखुर्द गांव के पास जंगल में जब ग्रामीण अपने मवेशी चराने के लिए गए हुए थे तो वे लोग वहां पर भालू के एक नर शावक का शव देखा। वहीं शरीर में कुछ चोट के निशान भी ग्रामीणों के द्वारा देखा गया। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने वन कर्मचारियों को दी। वही जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे वन कर्मचारियों के द्वारा पूरे मामले की जानकारी वन विभाग के आलाधिकारियों की दी गई। जिसके बाद मरवाही वन मंडल के डीएफओ शशि कुमार मौके पर पहुंचे और उनके द्वारा मौके का मुआयना भी किया गया। वन मंडल अधिकारी की मौजूदगी में शावक के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। 10 घंटे के मशक्कत के बाद पता चला कि लटकोनीखुर्द के तीन व्यक्तियों के द्वारा भालू शावक के अंगों को तस्करी के उद्देश्य से काटा गया है। मामले में रायपुर से डाग स्क्वायड टीम बुलाकर आरोपियों की पतासाजी की गई और अयोध्या यादव, अमृतलाल एवं भाव सिंह को पकड़ा। वही तीनों आरोपियों के पास से भालू के दोनों पैर के नाखून व गुप्तांग जब्त किया गया। फिलहाल वन विभाग आरोपियों के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में चालान पेश किया है। वन विभाग द्वारा भालू शावक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है, वही डीएफओ शशि कुमार ने आमजन से भालूओं की बेहतर सुरक्षा संवर्धन के साथ ही जंगली जीवों को छेड़छाड़ ना करने की अपील की है।

# किसानों और उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगी निजात : धर्मजीत




**सकरी।** अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर एवं विद्युत सब स्टेशन बनने से क्षेत्र के किसानों व आम उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगा।

उक्त पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना से गनियारी उप केन्द्र के 17 ग्राम के 1375 कृषि पंप कनेक्शन, 2350 घरेलू कनेक्शन , 935 बीपीएल कनेक्शन एवं 235 गैर घरेलू उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्तायुक्त पूर्ण वोल्टेज की विद्युत आपूर्ति निर्बाध गति से मिलती रहेगी। उक्त उदगार गनियारी सब स्टेशन में आयोजित पावर ट्रांसफार्मर लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के आसंदी से तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने व्यक्त किया।

■ गनियारी सब स्टेशन में पावर ट्रांसफार्मर का हुआ लोकार्पण

उन्होंने उपस्थित जनों को बताया कि वर्तमान में क्षेत्र की विद्युत प्रवाह मुंगेली डीवजन, पेंड्रा डीवजन , बिलासपुर डीवजन में बंटा हुआ है। जिसके चलते समस्या होने पर समन्वय बनाने में वक्त लगता है। इस समस्या से क्षेत्र को निजात दिलाने के लिए मैंने मुख्यमंत्री से तखतपुर में ही डीवजन कार्यालय खोलने की मांग की है और सैद्धांतिक रूप से आश्वासन भी मिल गया है। जल्द ही ये सुविधा भी क्षेत्रवासियों को मिलने लगेगी। इसी तरह के तीन और पावर ट्रांसफार्मर 189 लाख की लागत से जरौंधा, जरेली और मोछ में भी निर्माणाधीन है जिसका जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा। उसलापुर एवं पोंडी में 380 लाख की लागत से नये विद्युत सब स्टेशन स्वीकृत हो चुका है। जिसका शिलान्यास अतिशीघ्र किया जाएगा विजयपुर में भी सब स्टेशन की स्वीकृति मिल चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा गनियारी में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति मीनू सुमंत यादव, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय जनपद सदस्य विनोद यादव, जितेन्द्र राज, डॉ. निलय तिवारी, श्याम नारायण गुप्ता, एके लखेरा, आरके चौहान, अनुपम सरकार, प्रमोद चौबे, श्रद्धा सिंह, विश्वनाथ पटेल, दव्य अश्वनी यादव, शैलेंद्र सिंह, अमित मंदानी, बाला सिंह संतोष पटेल, सीताराम सिंगौर भाडम मौजूद थे।




## रक्तदान महादान, जीवन बचाने पुनीत कार्य, डरने की आवश्यकता नहींः अभिलेश

**सीपत ।** ग्राम पंचायत गुड़ी में पंचायत व बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 53 युवक-युवतियों ने रक्तदान किया। साथ ही 110 लोगों ने ब्लड ग्रुप व हीमोग्लोबिन टेस्ट कराया।

शिविर की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती गौरी अभिलेश यादव व सरपंच श्रीमती शांति दुर्गा साहू ने की। अतिथियों ने सभी रक्तदाताओं को हेलमेट और रक्त मित्र प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया। जनपद सदस्य प्रतिनिधि अभिलेश यादव ने कहा कि रक्तदान महादान है जो मरीजों की जान बचाने में मददगार साबित होता है। रक्तदान करते रहने से शरीर का संतुलन बना रहता है, हमारे शरीर से कई बीमारियों का खतरा दूर रहता है। सरपंच शांति साहू ने कहा कि रक्तदान सेवा कार्य है, जिसे हमें अपनी जिम्मेदारी समझकर निभाना होगा। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने रक्तदान को महादान बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को हेलमेट और प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

### खेत में करंट लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मस्तुरी।** खेत में करंट लगाने के आरोप में पुलिस ने योगेश्वर पटेल पिता शिव प्रसाद पटेल निवासी लावर को न्यायिक रिमांड पर लेकर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार थाना मस्तुरी में पंजीबद्ध मर्ग के मृतक शिवनाथ केंवट पिता खेदू केंवट उम्र 60 साल साकिन भोथीडीह लावर की जांच के दौरान योगेश्वर पटेल पिता शिव प्रसाद पटेल निवासी लावर द्वारा अपने रेगहा लिए हुए अमलीडीपारा खार के खेत में गेहू बोना तथा अपने खेत को जानवरों की सुरक्षा के लिए जीआई तार से घेरा कर विद्युत प्रवाहित किया था।

## निधन

### शकुंतला शर्मा



**बिलासपुर।** चकरभाठा निवासी शकुंतला शर्मा बदरा वाले का 4 मार्च को निधन हो गया। वे 82 वर्ष की थीं। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे यदुनंदन प्रसाद शर्मा की पत्नी एवं राजेश शर्मा, भूपेश शर्मा की मां थीं।

### दीपक विश्वकर्मा



**बिलासपुर।** ओम नगर जरहाभाठा वार्ड क्रमांक 21 निवासी दीपक विश्वकर्मा का 4 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 मार्च को कस्तूरबा नगर मुक्तिधाम में दोपहर 12 बजे किया जाएगा। वे आदर्श व आयुष के पिता थे।

## योगेश की मौत के मामले में आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**तखतपुर।** चार दिन पूर्व जरौंधा के पास फांसी पर लटके हुए युवक की शिनाख्त करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 फरवरी की जरौंधा मोड़ के पास किसी व्यक्ति के फांसी पर लटकने की जानकारी पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और वहां पर फांसी में लटक रहे युवक की शिनाख्त बेलसरी निवासी योगेश खाण्डेकर के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम कराया तथा मामले की जांच में जुट गई। पुलिस ने आसपास के सीडीआर और सीसीटीवी के फुटेज को लेकर नरेंद्र सिंह से पूछताछ की। जिसमें नरेंद्र ने बताया कि वह अपने साथी योगेश के साथ बिलासपुर गया हुआ था और रात्रि में वापस आ रहे थे। वापसी में योगेश को नरेंद्र ठाकुर ने अपना मोबाइल दे दिया था और जब कुछ समय बाद मोबाइल वापस मांगा तब योगेश ने मोबाइल गुम हो जाने की जानकारी दी। तभी गुस्से में नरेंद्र ने योगेश के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर मोबाइल की मांग किया। इसी प्रताड़ना में योगेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने आरोपी नरेंद्र के बयान के आधार पर उसके खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## युवा कांग्रेस के पंचायत चलो वार्ड चलो अभियान का तिफरा में आयोजन



**बिलासपुर ।** देश में तेजी से बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं की बदहाली को लेकर छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के निर्देशन पर बिल्हा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू के नेतृत्व में तिफरा स्थित सब्जी मार्केट में कैंपेन चलाया गया। कार्यक्रम में तिफरा ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी 40-50 वर्षों का रिकार्ड तोड़ रही है। मोदी जी कहते हैं भारत देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बना रहे है। मगर केवल मंदिर, मस्जिद बना देने से देश नहीं चलेगा। विधानसभा अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि केन्द्र के तानाशाही रवैये से आज हमारे देश का संविधान खतरे में है। इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष महेश ठाकुर, युकां उपाध्यक्ष अक्षय नवरंग, संतोष सोनी, त्रिलोचन यादव, मनोज यादव, पवन डाहिरे, समीर पांडेय सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### महामाया मंदिर परिसर में दुर्लभ सत्संग 13 से

**बिलासपुर।** दुर्लभ सत्संग आयोजन समिति रतनपुर के तत्वावधान में महामाया मंदिर परिसर स्थित भागवत मंच में 13 से 19 मार्च तक दुर्लभ सत्संग का आयोजन किया जाएगा। सत्संग में ऋषिकेश से आमंत्रित स्वामी विजयानंद गिरी महाराज प्रवचनकर्ता होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 7.30 बजे तक होगी। आयोजन समिति की ओर से 12 मार्च को दोपहर 1 बजे महामाया मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचेगी। समिति के सदस्य आयोजन की तैयारी में जुटे हुए हैं।

**-:: आम-सूचना ::-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमती अरूणा गुप्ता उम्र 57 वर्ष पति श्री संजय गुप्ता निवासी ओम भवन सिटी कोतवाली के पीछे बिलासपुर (छ.ग.) के स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य की भूमि मौजा तोरवा पहन 37 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 1361/46 सम्मिलित खसरा 1362/47, 1363/45, 1366/47. 1372/57 रकवा 2400 वर्गफुट परिवर्तित भूमि जो राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज है, भूमि को विक्रेता की तरफ से विक्रय करने का पक्का सौदा मुख्तियार वंदना सिंह पति नवीन सिंह निवासी राजकिशोर नगर के द्वारा मेरे पक्षकार क्रेता संजय अग्रवाल पिता राजेंद्र अग्रवाल निवासी जेपी रेसीडेंसी तोरवा वाले से सौदा करते हुए टोकन ब्याना ले लिया गया है व क्रेता द्वारा निकट भविष्य मे रजिस्ट्री अपने पक्ष मे करवा ली जावेगी।

यदि किसी व्यक्ति वारिस,संस्था, बैंक,राजस्व, थाना, निकाय, सरकारी, गैर सरकारी संस्था को कोई आपत्ति हो तो उक्त प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर वैध दस्तावेज के साथ आपत्ति प्रस्तुत करे, रजिस्ट्री पश्चात किया गया दावा आपत्ति अमान्य एवं शून्य माना जावेगा।

सो सूचना जाने
दिनाक - 04/03/2024
स्थान - बिलासपुर

भवदीय-
शुभेन्दु नस्कर (अधिवक्ता)
छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, बिलासपुर
पता- लालखदान रेल्वे क्रॉसिंग के पास चर्च थाना तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो नं.- 9827181564

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**-: विवाह सूचना का प्रकाशन :-**

क्रमांक क/वाचक/अति-कले / 2024,
बिलासपुर, दिनॉक 02.02.2024

श्री नीमेश यादव आत्मज श्री भूषन यादव उम्र 28 वर्ष निवासी सफेद खदान, दोमुहानी, थाना तोरवा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं
कुमारी सरस्वती सतनामी आत्मजा श्री भरत सतनामी उम्र 28 वर्ष निवासी महमंद लालखदान, वार्ड नंबर 12, पो०आ० रेल्वे स्टेशन, थाना तोरवा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 07.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



(आर.ए.करूवंशी)
अतिरिक्त कलेक्टर एवं
विवाह अधिकारी बिलासपुर छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/तह./वा./2024
बिलासपुर दिनांक 29/02/2024

ग्राम मंगला के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के पत्र क्र.2430/एफ-4/सात-/2020 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 13.08.20 के अनुसार आपस में संलग्न खसरा नम्बर की भूमि के साथ नक्शा को सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदिका श्रीमती रूमाना रियाज पति फैयाज अहमद निवासी मंगला बिलासपुर तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा मौजा मंगला प.ह.नं. 21/35 रा.नि.मं. मंगला तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 1293/1, 1293/3, 1294 रकबा क्रमशः 0.217, 0.405, 0.486 हे. भूमि संविलियन कर नया खसरा नम्बर हेतु आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा सहित प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 15/03/2024 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉंक 29/02/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.**

**-: ईश्तहार:-**

रा.प्र.क्र. अ-27/2022-23
ग्राम गिरधौना प.ह.नं. 30

एतद द्वारा ग्राम गिरधौना प.ह.नं. 30 रा.नि.मं.जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण श्रीमती शिवकुमारी पति स्व. मोतीदास, सरोज पिता मोतीदास, राधिका पिता मोतीदास सभी निवासी ग्राम गिरधौना तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ. ग. के द्वारा ग्राम गिरधौना प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग स्थित भूमि ख.नं. 53, 79, 1082/2, 1194/2, 1403, 1445, 1446 रकबा क्रमशः 0.1210, 0.3560, 0.3640 0.1210, 0.2630, 0.7930 हे. कुल रकबा 2. 2690 हे. भूमि पर से आवेदिकागण का अंश पृथक कर विभाजित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किये हैं।

उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधीन है जिसमे दिनांक 18/03/2024 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायलय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तखतपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर, जिला- बिलासपुर, छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2023-24
ग्राम पंचायत भरारी,
तहसील सकरी, जिला- बिलासपुर

सर्व साधारण ग्राम पंचायत भरारी, तहसील सकरी, जिला- बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि- आवेदक सृष्टि इन्फ्राबिल्ड प्रा.लि. संचालक - राजेश कुमार देवांगन पिता बेनीराम देवांगन, निवासी फ्लेट नंबर बी- 201, पॉम इन्क्लेव सरकंडा बिलासपुर, तहसील व जिला - बिलासपुर, ने पंचायत राज अधिनियम के तहत बने कालोनाईजर के रजिस्ट्रेशन नियम के तहत ग्राम पंचायत भरारी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 805/1 रकबा 0.4450 हे. ख.नं. 805/5/ क. रकबा 2.3730 हे., ख.नं. 805 /11, रकबा 0.4250 हे., ख.नं. 805/11 / क. रकबा 0.8180 हे., ख.नं. 805/12, रकबा 0.3919 हे., ख.नं. 805/14 रकबा 1.9750 हे., ख.नं. 805/14/ क. रकबा 1.8803 हे., ख.नं. 805/15, रकबा 0.1940 हे., ख.नं. 812/1, रकबा 0.2350 हे., कुल खसरा 09, कुल रकबा 8.7372 हे0/एकड़ भूमि पर कालोनाईजर के रूप में रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन पत्र दिया है।

इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वह अपना आपत्ति/दावा दिनॉक - 22.03.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद में प्राप्त आपत्ति /दावों पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनॉंक - 01.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं श्रीमती सिद्धि वाधवानी आयु 32 वर्ष पति श्री विजय कुमार वाधवानी जाति सिंधी निवासी श्री राम टॉवर व्यापार विहार बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर की हूँ जो कि नीचे लिखे हलफन बयान करती हूँ:-

1. यह कि मेरा विवाह 20.02.2020 में श्री विजय कुमार वाधवानी पिता श्री रामचंद्र वाधवानी निवासी श्री राम टॉवर व्यापार विहार वाले के साथ संपन्न हुआ ।
2. यह कि मेरी समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों पर शादी के पूर्व कुमारी अभिसारिका यादव पिता श्री स्व. विजय यादव के नाम से जानी जाती थी।
3. यह कि अब मेरी शादी हो चुकी है अतः मुझे कुमारी के स्थान पर श्रीमती एवं पिता के स्थान पर पति तथा उपनाम अभिसारिका यादव के स्थान पर सिद्धि वाधवानी जाना जावे।

अतः यह शपथ पत्र कुमारी अभिसारिका यादव पिता श्री स्व. विजय यादव के स्थान पर श्रीमती सिद्धि वाधवानी पति श्री विजय कुमार वाधवानी के नाम से जाना व पहचाना जावे इस बाबत प्रेषित कर रही हूँ।

शपथकर्ता
सिद्धि वाधवानी

**कार्यालय रा.नि.म. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// सीमांकन सूचना //**

प्रति,
1. श्री दीपक सूर्यवंशी आवेदक 2. श्री मनोज अहिरवार 3. श्री शैलेष मसीह, श्री अमृत लाल सूर्यवंशी 4. श्रीमती केसर बाई, श्रीमती पुष्पलता अहिरवार 5. श्रीमती विमला भास्कर 6. श्रीमती गिरजा, दुरपति, रूकमणी, सकुन 7. अन्य हितबद्ध पक्षकार

**विषय :- सीमांकन/बटांकन में उपस्थित रहने बावत।**

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार /अति.तह./ना.तह. सकरी के ज्ञापन दिनांक 15.01.2024 संदर्भीत विष्यांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 239/26 रकबा 0.059 हे. एकड/हेक्टेयर भूमि स्वामी दीपक सूर्यवंशी पिता/पति श्यामलाल निवासी के द्वारा सीमांकन/बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 05.03.2024 को लगभग 11:00 AM - 5:00 PM बजे किया जावेगा ।

अतः आप समीपवर्ती भूमि सम्बंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित हावें । अनुपस्थित की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नही होगा। अतः सुचना जाने।

टीप :- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/बटांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक सकरी
तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

( पीठासीन अधिकारी - श्रीमान रमाशंकर प्रसाद)
पादरी ए. नथालियल........... वादी
विरुद्ध
डॉ. महेन्द्र प्रसाद सामल व अन्य..............
.......................... प्रतिवादीगण

व्य.वाद. क्र. 45-अ / 2023
पेशी दिनांक 22.03.2024
प्रो.नं. 1326

**समंस**

प्रेषित- 1. श्रीमती नालिनी नेत्रवाला उम्र 75 वर्ष पति स्व. चन्द्रकिरण मसीह 2. कु. आसीमा आराधना उम्र 42 वर्ष पुत्री स्व. चन्द्रकिरण मसीह 3.आकाश ऐलविन मसीह उम्र 48 वर्ष पिता स्व. चन्द्रकिरण मसीह तीनों जाति ईसाई निवासी मकान नं. 104, महावीर सिटी राजकिशोर नगर, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 4. श्रीमती डॉरिस प्रकाश बाघे उम्र 83 वर्ष पति स्व. ए.सी. प्रकाश बाघे निवासी ओम नगर, जरहाभाठा, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

वादी ने प्रतिवादीगण श्रीमती नालिनी नेत्रवाला, कु. आसीमा आराधना, आकाश ऐलविन मसीह, श्रीमती डॉरिस प्रकाश बाघे के विरुद्ध वाद भूमि इन्दु चौक जरहाभाठा बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित शीट नं. 04, खसरा नंबर 68 / 26. 68/35, 68/28, 68/ 36 रकबा क्रमशः 3390, 3727, 3390, 2400 वर्गफुट का वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा कब्जा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का दावा प्रस्तुत गया है जिसकी पेशी दिनांक 22.03.2024 को नियत है। प्रतिवादीगण श्रीमती नालिनी नेत्रवाला, कु. आसीमा आराधना, आकाश ऐलविन मसीह, श्रीमती डॉरिस प्रकाश बाघे को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस / समंस का प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 22.03.2024 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वष पेशी दिनांक 22.03.2024 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी ।

अतः आज दिनांक 27.02.24 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक- 27.02.24
स्थान-बिलासपुर

श्री रमाशंकर प्रसाद
जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)

4 MARCH -BSP- pg- 3_Layout 1 3/5/2024 12:16 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### जरूरतमंद बच्ची को कोनी टीआई ने दिया ब्लड, एसपी ने दी शाबाशी

**बिलासपुर।** कोनी टीआई ने जरूरतमंद एक बच्ची को एबी नेगेटिव ब्लड दान कर मानवता की मिसाल पेश की। एसपी ने इस कार्य के लिए टीआई को शाबाशी दी है। जांजगीर के कुलीपोटा गांव से थैलेसीमिया का इलाज कराने शहर आई एक बच्ची को एबी नेगेटिव ब्लड की जरूरत थी। जानकारी होने पर कोनी टीआई गोपाल सतपति हास्पिटल जाकर बच्ची को एबी नेगेटिव ब्लड देकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के साथ साथ नैतिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस योगदान पर एसपी रजनेश सिंह ने टीआई सतपति को शाबाशी दी। इसके पहले भी टीआई गोपाल सतपति पांच बार जरूरतमंद लोगों को ब्लड दान कर चुके हैं।



### वार्षिकोत्सव पर आई-किड्स किंगडम जूनियर के बच्चों ने दी सुंदर प्रस्तुति




**बिलासपुर।** करबला रोड भाजपा कार्यालय के पास स्थित आई-किड्स किंगड्म जूनियर स्कूल में वर्ष 2023-24 का वार्षिकोत्सव शनिवार 2 मार्च को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसके मुख्य अतिथि एरिना एनिमेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप गुप्ता एवं ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. श्रुति गुप्ता थीं। स्कूल के संचालक राशि माधव गुप्ता ने बताया कि वार्षिकोत्सव का इंतजार सभी अभिभावकों को रहता है। जिसमें से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। इस कार्यक्रम मे पीजी नर्सरी से कक्षा-2 तक के सभी बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी और अभिभावक व दर्शकों का दिल जीत लिए। कुछ भावनात्मक प्रस्तुति से पालकों का हृदय भर गया। तो कुछ प्रस्तुति ने दर्शकों को हंसने पर बाध्य कर दिया। श्री गुप्ता ने वर्ष 23-24 के विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने बच्चों की अदभुत प्रस्तुति की प्रशंसा की और बताया कि शिक्षकों का बच्चों के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्हें पढ़ने में रूचि उत्पन्न कराना एवं जीवन में अच्छा नागरिक बनाने जैसा कार्य शिक्षकों के कंधों पर होता है। ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल की प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता ने बताया कि शहर के बीच स्थित इस जूनियर स्कूल में सभी मूलभूत सुविधाएं हैं। यह बच्चों में अच्छे संस्कार के बीज बोने का सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए संचालक एवं शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम की सफलता के लिए बच्चों के अभिभावकों का योगदान रहा। इस कार्यक्रम को बेहतर रूप देने के लिए बच्चों के साथ शिक्षकों में बहुत मेहनत की। नए शिक्षा प्रणाली में नर्सरी से कक्षा - 2 तक के विद्यार्थियों पर लर्निंग बाई एक्टिविटी से सिखाने पर जोर देने कहा गया है जो इस जूनियर स्कूल की प्रमुख विशेषता है।

### जेके इंस्टीट्यूट के बच्चों ने पानी से चलने वाली कार का मॉडल बनाया




**बिलासपुर।** जेके इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियर कॉलेज द्वारा 28 फरवरी को विज्ञान दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विशेष प्रदर्शनी लगाई। जिसका अतिथियों ने खूब तारीफ की। इस दौरान जेके इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग कॉलेज के अध्यक्ष के खान ने छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए बताया कि विज्ञान को धर्म के समान मानकर उसकी पूजा की जानी चाहिए। आज समाज जितनी भी तरक्की कर रहा है इसका मुख्य कारण विज्ञान है। पुरातन काल से अब तक अलग-अलग दौर में विज्ञान की अपनी महत्ती भूमिका रही। इसलिए छात्रों का उत्साह बढ़ाने और उनमें विज्ञान के प्रति अलख जगाने के लिए जेके इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग प्रबंधन द्वारा हर साल विज्ञान दिवस पर विशेष आयोजन कराया जाता है। प्रदर्शनी में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपनी बुद्धि और कार्य कुशलता से अलग-अलग प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। जिनमें मुख्य रूप से पानी से चलने वाली कार, चंद्रयान 3 का मॉडल आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम के दौरान कालेज के अध्यक्ष के खान, इरशाद खान, आशीष सिंह, सुदीप चक्रवर्ती सहित बड़ी संख्या में प्रबंधन के लोग शिक्षक, कॉलेज के कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### विनोबा नगर में नए राशनकार्ड का वितरण शुरू

**बिलासपुर।** राशन कार्ड वितरण शिविर का आयोजन विनोबा नगर वार्ड क्रमांक 27 का गायंत्री मंदिर में 4 मार्च से 5 दिवसीय राशन कार्ड वितरण शिविर लगाया जा रहा है। यह शिविर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। वार्ड पार्षद रविन्द्र सिंह ने बताया कि जिसमे सामान्य व बीपीएल हितग्राही पुराना राशनकार्ड जमा कराकर नए राशनकार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ ने प्रदेश सरकारों पर जताई नाराजगी

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के केंद्रीय कार्य समिति ने सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों के महंगाई भत्ता, पेंशन ग्रेच्युटी सहित अन्य लाभ समय पर नहीं मिलने से प्रदेश सरकारों के प्रति नाराजगी जताई गई है। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के केंद्रीय कार्य समिति की बैठक 2 व 3 मार्च को पटियाला पंजाब में महासंघ के अभा अध्यक्ष विपन कुमार डोगरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भामंस के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष व प्रभारी जीईएनसी एम पी सिंह मुख्य अतिथि थे। महासंघ के अभा महामंत्री विष्णु वर्मा, वित सचिव अमोद श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष दिलीप इंगले, मंत्री भरत परमार, सुतपा कार, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव व अन्य पदाधिकारियों ने मार्गदर्शन दिया। बैठक में महासंघ से जुड़े सभी राज्यों के अध्यक्ष व महामंत्रियों ने भाग लेकर अपने-अपने राज्यों की गतिविधियों, मांगों कार्यक्रमों व राज्य अधिवेशनों, संगठनात्मक विषयों की जानकारी बैठक में रखी। शिव चरण सिंह, अनिल खन्ना व विरेन्द उपाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को सम्मानित किया। बैठक में 22 नवंबर को जंतर मंतर दिल्ली में पुरानी पेंशन देश के सभी कर्मचारियों को मिलने व अन्य मांगों को लेकर जो रैली हुई थी तथा वितमंत्री निर्मला सितारमण से हुई वार्ता व अश्वासनों पर हुई प्रगति की समीक्षा की गई।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को लेकर असमंजस में प्रबंधन, 14 डाक्टर मिले, फिर भी काम शुरू नहीं

**बिलासपुर।** कोनी स्थित 11 मंजिला सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के शुरू होने को लेकर असमंजस्य की स्थिति है। सिम्स प्रबंधन ने 14 स्पेशलिटी डाक्टरों के लिए इंटरव्यू पूरा कर लिया है और इनके वेतन की व्यवस्था भी की गई है लेकिन नर्स, वार्डबॉय और हेल्पिंग स्टाफ के बगैर अस्पताल शुरू नहीं किया जा सकता है। वहीं अगले 10 दिनों के भीतर ही आचार संहिता लगने की आशंका बनी हुई है, जिसके बाद दो माह के लिए अस्पताल का उद्घाटन टलता नजर आ रहा है।

सिम्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के शुरू होने को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार की ओर से हरी झंडी अब तक नहीं मिल सकी है। सिम्स प्रबंधन ने 10 सिनियर



**आचार संहिता लगते ही अगले दो माह के लिए टलेगा उद्घाटन**

**स्टाफ वेतन और अन्य जरूरतों के लिए प्रशासन ने दिया है साढ़े 11 करोड़**

और 4 असिस्टेंट स्पेशलिटी डाक्टरों की नियुक्त कर दी है, लेकिन इसके वेतन को लेकर मामला उलझा हुआ है। दरअसल राज्य सरकार के द्वारा डाक्टरों का वेतन 90 हजार से 1 लाख 50 हजार के बीच तय किया गया है, जबकि स्पेशलिटी डाक्टरों की नियुक्ति करने पर इन डाक्टरों को 2 लाख से 3 लाख रूपए दिए जाने हैं, हालांकि जिला प्रशासन ने इस मुसीबत के लिए सिम्स को 11 करोड़ 34 लाख 40 हजार देने की बात कही है, लेकिन इसके लिए भी राज्य सरकार की स्वीकृति की जरूरत है। ऐसे में प्रबंधन चाह कर भी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को शुरू नहीं कर पा रहा है। इसके साथ ही अस्पताल शुरू करने के लिए 250 से ज्यादा कर्मचारियों की जरूरत है, जिसमें नर्स, वार्डबाय, टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, आपरेटर और चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की नियुक्ति की जानी है, यह कार्य अब तक लंबित है। प्रबंधन ने भर्ती के लिए व्यापम से पत्राचार किया है, लेकिन यह मामला ठंडे बस्ते में है। ऐसे में सिम्स सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का मार्च में शुरू होना मुश्किल है। वही प्रबंधन इस बारे में कुछ भी कहने से बच रहा है, राज्य सरकार के आदेश के बाद ही अस्पताल में फिलहाल ओपीडी शुरू की जा सकती है। वहीं आने वाले कुछ ही दिनों में आचार संहिता लगने वाली है ऐसे में अगले 2 माह के लिए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन टल सकता है।

### प्रदेश में महज एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

जानकारों के अनुसार प्रदेश में रायपुर में ही सुपर स्पेशलिटी अस्तपाल है, डीकेएस अस्पताल में सभी तरह की बीमारियों का इलाज किया जा रहा है, लेकिन बिलासपुर में सिम्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाने का सपना 4 सालों की लेटलतीफी की जा चुकी है। वहीं राज्य सरकार द्वारा डाक्टरों के वेतन में वृद्धि का प्रस्ताव भी पेंडिंग है, ऐसे में सिम्स के डाक्टरों को राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित वेतन से अधिक देने का मामला फंसता नजर आ रहा है, जिसके चलते ओपीडी की खुलना मुश्किल है।

### 180 मशीनें मंगाई, 19 का इंस्टालेशन

सिम्स प्रबंधन ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को शुरू करने के लिए 180 मशीनें मंगाई है, जिसमें रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी, माइक्रोबॉलोजी सहित अन्य विभागों की मशीन शामिल है। इसके साथ ही आपरशेन के लिए भी कई तरह की मशीनें मंगाई गई है जिसके 80 मशीनें आ चुकी है लेकिन इसमें से महज 19 मशीनों का इंस्टालेशन किया जा चुका है। ऐसे में जांच के लिए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में मशीन भी नहीं है।

**शासन से स्वीकृति का इंतजार :** हमनें 14 डाक्टरों की नियुक्त करने के लिए इंटरव्यू ले लिया है। आदेश अभी जारी नहीं किया गया है। वेतन को लेकर जिला प्रशासन ने 11करोड़ से अधिक की राशि सिम्स को दी है। जिससे वेतन दिया जा सकता है। राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

- डॉ केके सहारे, डीन, सिम्स

## सिम्स में बदहाली : लाखों का मेंटनेंस खर्च, नतीजा शिफर, 5 दिनों से एसी बंद

# 3 करोड़ की मशीनों को कूलर से कर रहे ठंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में करोड़ों की सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन को कूलर से ठंडा किया जा रहा है। टेम्प्रेचर अधिक होने पर इन मशीनों को बंद करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि परिसर में एसी काम नहीं कर रहा है, जिसके चलते मशीन को ठंडा रखने के लिए कूलर चलाना पड़ रहा है।

सिम्स में सीएसआर मद का उपयोग करते हुए 3 करोड़ रूपए में रेडियोलॉजी विभाग का उन्नयन किया गया था, जिसमें 3 करोड़ रूपए खर्च किए गए थे। अत्याधुनिक मशीनों के काम करने के दौरान परिसर में ज्यादा गर्मी लगती है, जिससे कूलिंग करने 12 एसी लगाए गए हैं। हिताची कंपनी के एसी का मेंटनेंस करने में ठेका कंपनी लापरवाही बरतती है, ऐसे में हर बार एसी खराब होने के बाद सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन से काम बंद कर दिया जाता है। रेडियोलॉजी विभाग के कर्मचारियों ने इस बारे में कई बार एमएस और डीन को बताया है लेकिन प्रबंधन ने गंभीरता नहीं दिखाई। औसतन रोजाना 20 से अधिक एमआआई और 30 सीटी स्कैन किया जाता है। एसी खराब होने पर सीटी स्कैन मशीन को कई घंटों तक बंद करना पड़ता है। मशीनों का उत्सर्जन इतना अधिक है कि कूलर टेम्प्रेचर को मेंटेन नहीं कर पा रहा है और मशीनों को बंद करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि जिस कंपनी को एसी मेंटेनेंस का ठेका दिया गया है, उसका सर्विस सेंटर शहर में मौजूद नहीं है। वहीं रायपुर से टेक्नीशियन को बुलाना पड़ता है, ऐसे में हर बार दो से चार दिन मशीनें बंद रहती है।

**आयुष्मान से होता है इलाज** जहां निजी अस्पतालों में सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए 6 से 10 हजार रूपए खर्च किए जाते हैं, वहीं सिम्स में इस सुविधा के लिए महज आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क होता है। इसके साथ ही जिन लोगों के पास आयुष्मान नहीं भी है, उनसे महज 12 सौ से 15 सौ की रसीद कटाकर भी सीटी स्कैन और एमआरआई कराई जा सकती है। ऐसे में सिम्स के अंदर जांच बंद होते ही बाहर के डाग्नोस्टिक सेंटरों की दुकान धड़ल्ले से चलने लगती है।



सीटी स्कैन मशीन को कूलर से ठंडा किया जा रहा।

**टेक्नीशियन के आने पर एसी चालू होगा**

स्टाफ ने सोमवार को सूचना दी है। जिसने मेंटनेंस का ठेका लिया है, उसे इस बारे में जानकारी दे दी गई है। टेक्नीशियन के आने के बाद एसी चालू हो जाएगा।

- डॉ सुजीत नायक
एमएस, सिम्स

### डायरेक्ट सप्लाई से चल रहा पूरा कैंपस

रेडियोलॉजी विभाग में करोड़ों रूपए खर्च किए गए हैं लेकिन सिम्स की ओर से इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हालत ये है कि बिजली सरप्लस के बिना ही मशीनें संचालित हो रही हैं। बैकअप के लिए बैटरी नहीं है। ऐसे में बिजली सप्लाई बंद होते ही मशीनें भी बंद हो जाती है। कई बार मरीजों की जांच होने के बाद उन्हें रिपोर्ट तक नहीं मिल पाती है, इसका कारण जांच के दौरान मशीनों का बंद हो जाना है। खास बात यह है कि 1 लाख 60 हजार के बैटरी की चोरी पिछले अक्टूबर माह में हुई थी। गार्ड ने चोरों को पकड़ भी लिया लेकिन मामले में सिम्स प्रबंधन ने एफआईआर तक नहीं कराया और मामला ठंडे बस्ते में चला गया है। हद तो ये है कि सिम्स ने चोरी हुई बैटरी को दोबारा इंस्टाल कराना भी जरूरी नहीं समझा है।




इंडियन लॉ रिपोर्ट्स छत्तीसगढ़ द्विभाषी संस्करण का विमाचन करते अतिथि।

### चीफ जस्टिस सिन्हा ने किया इंडियन लॉ रिपोर्ट के द्विभाषी संस्करण का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग उच्च न्यायालय बिलासपुर के ऑडिटोरियम में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने इंडियन लॉ रिपोर्ट्स छत्तीसगढ़ के द्विभाषी अंग्रेजी व हिन्दी संस्करण का विमोचन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के समस्त न्यायाधीश उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि ऑल इंडिया रिपोर्टर नागपुर के सहयोग से इंडियन लॉ रिपोर्ट्स समिति, छत्तीसगढ़ श्रृंखला द्वारा इंडियन लॉ रिपोर्ट्स छत्तीसगढ़ द्विभाषी अंग्रेजी व हिन्दी संस्करण का प्रकाशन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने उपस्थित लोगों से कहा कि पत्रिका का द्विभाषी संस्करण पत्रिका को राज्य के विधिक समुदाय तक पहुंचाने व न्याय वितरण प्रणाली में सहायक होगा। कार्यक्रम को न्यायाधिपति गौतम भादुड़ी तथा संजय के. अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन. भारत, डिप्टी सॉलीसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्तागण, उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, अधिवक्तागण, रजिस्ट्रार जनरल व न्यायिक अधिकारी, ऑल इंडिया रिपोंटर, नागपुर के आदित्य वैद्य व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# उषा देवी भंडारी क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

**बिलासपुर।** स्व.उषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का धमाकेदार शुरुआत हुई है। इसका उद्घाटन सरकंडा स्थित खेल परिसर मैदान में आज हुआ।

- विधायक अमर अग्रवाल ने किया उद्घाटन

यह इस प्रतियोगिता का 12वां वर्ष है। उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्वमंत्री अमर अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। महापौर रामशरण यादव अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ आवास संघ के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल अतिविशिष्ट अतिथि थे। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, पार्षद विजय ताम्रकार, पूर्व एल्डरमैन प्रवीण दुबे, प्रथम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा.रजनीश पाण्डेय विशिष्ठ अतिथि थे। सभी अतिथियों का आतिशबाजी एवं ढोल ताशों के साथ आतिशी स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने कहा कि मैं विगत 12 वर्षों से इस प्रतियोगिता में आ रहा हूं और सहभागी बन रहा हूं। इसने प्रत्येक वर्ष अपने स्वरूप को बड़ा किया है और आज इस प्रतियोगिता ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना ली है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता ने सफलता की अलग ऊंचाइयों को छुआ है। श्री अग्रवाल ने इस आयोजन के प्रमुख ईशान भंडारी समेत पूरी आयोजन समिति को बधाई दी। कार्यक्रम को महापौर रामशरण यादव छग आवास संघ के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने भी संबोधित किया।



### टीम उत्तम 11 ने जीत दर्ज की

प्रतियोगिता में आज प्रथम दिन का पहला मैच टीम आई डब्लू बिलासपुर बनाम टीम उत्तम 11 बिलासपुर के मध्य दूधिया रौशनी में खेला गया। जिसमें उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम उत्तम 11 ने टीम आई डब्लू को 5 विकेट से परास्त करते हुए जीत दर्ज की। टीम उत्तम 11 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने आई टीम आई डब्लू 11 के बल्लेबाज अभिषेक ने 17 गेंद में 23 रन दिए। वहीं राजू ने 10 गेंद में 18 रन, राहुल ने 13 गेंद में 12 रन, कपिल ने चार गेंद में 8 व अमन ने तीन गेंद में 5 रन बनाए। इस तरह टीम आई डब्लू ने 10 ओवरों में 79 रनों का लक्ष्य टीम उत्तम 11 के सामने रखा। गेंदबाजी करने आए टीम उत्तम 11 के गेंदबाज अवि, मन्नी, बंटी व शुभम ने दो-दो विकेट अर्जित किए। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने आए टीम उत्तम 11 के बल्लेबाज अवि ने 18 गेंद में 40 रन नाबाद बनाए। वहीं मानस ने 11 गेंद में 19 रन, जय ने 9 गेंद में 11 रन, सिराज ने 10 गेंद में 5 रन बनाए। 9 वें ओवर में अपनी टीम उत्तम 11 की जीत दर्ज की। गेंदबाजी कर रहे टीम आई डब्लू के गेंदबाज अमन ने 2 विकेट तथा अभिषेक, विशाल ने 1-1 विकेट अर्जित की और टीम उत्तम 11 ने 5 विकेट से अपनी जीत दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच टीम उत्तम 11 के अवि रहे। जिन्होंने 18 बॉल में नाबाद 40 रन बनाया।


### सिम्स के छात्र आदित्य ने पावर लिफ्टिंग में जीता गोल्ड व ब्रांज मैडल

**बिलासपुर।** शहर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। चाहे वह खेल हो या फिर शिक्षा का क्षेत्र। ऐसे ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी खेल कौशल का परिचय कर आज हमारे देश और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे हैं। खेल की दुनिया में नया उभरता हुआ सितारा सिम्स मेडिकल कालेज द्वितीय वर्ष का छात्र आदित्य विक्रम शर्मा है। जिन्होंने अपने खेल कौशल से न केवल शहर बल्कि प्रदेश का नाम भी रौशन किया है। प्रयाग दंत चिकित्सालय के डा. अभिषेक शर्मा के पुत्र हैं। जिन्होंने 2 व 3 मार्च को आयोजित पावर लिफ्टिंग फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा भिलाई में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेकर न केवल विरोधी खिलाड़ियों को परस्त किया बल्कि प्रतियोगिता



के ब्रेंच प्रेस में गोल्ड जीता। वहीं डेड लिफ्ट व स्वाड में भाग लेते हुए ब्रांज मेडल भी जीता। यह पहली बार हुआ है जो आदित्य विक्रम शर्मा ने खेल के साथ ही मेडिकल के क्षेत्र में भी सफलता के कदम चूमा। इसके अलावा उनकी रुचि मॉडलिंग की दुनिया में भी है। जहां उन्होंने अपनी हुनर का लोहा मनवाया है। उन्होंने पहली बार में ही आईआईटी व मेडिकल की प्रवेश परीक्षा पास कर अपने माता पिता का नाम रौशन किया।





# 'टाइगर नागेश्वर राव' का हिंदी संस्करण अमेजन प्राइम वीडियो पर

**मुंबई।** अभिनेता रवि तेजा को आजकल फिल्म 'ईगल' में देखा जा रहा है। इससे पहले अभिनेता बीते साल रिलीज हुई फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' में नजर आए थे। यह उनकी पहली पैन इंडिया फिल्म है। 'टाइगर नागेश्वर राव' पहले ही तेलुगु भाषा में अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। अब इस फिल्म का हिंदी संस्करण भी प्राइम वीडियो पर रिलीज कर दिया गया है। 'टाइगर नागेश्वर राव' का निर्देशन वामसी ने किया है। इस फिल्म के जरिए कृति सैनन की बहन नूपुर सैनन पैन इंडिया डेब्यू किया है। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर भी इस फिल्म का प्रमुख हिस्सा हैं। 35 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' ने 50 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।

लाइफ Style

# जाह्नवी



## आरसी-16 से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'धड़क' मूवी से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अब साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपनी किस्मत आजमाने जा रही हैं। खबर है कि उन्होंने साउथ के स्टार रामचरण के साथ फिल्म साइन की है और दोनों 'आरसी 16' में नजर आएंगे। इसे बुच्ची बाबू सना डायरेक्ट करेंगे। अब जाह्नवी के पिता और प्रोड्यूसर बोनी कपूर ने इस खबर को कंफर्म कर दिया है।

बोनी कपूर ने कहा कि जान्हवी कपूर पहले जूनियर एनटीआर के साथ 'देवारा' के लिए शूटिंग कर चुकी है। उन्हें इसका हर हिस्सा पसंद आया। जल्द ही वह राम चरण के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी। बोनी ने कहा कि राम और जूनियर एनटीआर बहुत अच्छा कर रहे हैं। बता दें कि जान्हवी ने धड़क फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी जिसमें वे ईशान खट्टर के अपोजिट नजर आई थीं। इसके बाद एक्ट्रेस ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे वरुण धवन के अपोजिट सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी नाम की फिल्म में नजर आएंगी। अगले वर्ष 18 इप्रैल 2025 को सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी थिएटर में आएगी।

अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' इस साल ईद पर रिलीज होगी। इस फिल्म में भी जान्हवी कपूर नजर आने वाली हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की जोड़ी देखने को मिलेगी। इसके साथ ही फिल्म में मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन और जुगल हंसराज भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक्शन से भरपूर होने वाली है। इसी प्रकार जान्हवी कपूर इस साल 'झलक' नाम की फिल्म में भी दिखाई देने वाली हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'द ब्लफ' में आएंगी नजर...

**लॉस एंजिलस।** बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपनी पहचान बनाने वाली देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा अब ग्लोबल स्टार बन गई हैं। अब उन्होंने अपनी नई फिल्म 'द ब्लफ' का ऐलान कर दिया है। प्रियंका ने 'द ब्लफ' के लिए मशहूर अभिनेता कार्ल अर्बन के साथ हाथ मिलाया है। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर अपनी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' में समुद्री डाकू बनने की घोषणा की। इस फिल्म का निर्देशन फ्रैंक ई फ्लावर्स करेंगे, जो दुनियाभर में मशहूर फिल्म 'बॉब मार्ले: वन लव' की कहानी भी लिख चुके हैं।



# ग्रैमी विजेता गायक शर्विन को गीत गाने पर सुनाई 3 साल की सजा

लॉस एंजिलस। ग्रैमी पुरस्कार पा चुके ईरान के पॉप गायक शर्विन हाजीपुर सुर्खियों में हैं। गायक को 2022 में उनके द्वारा लिखे गए एक गाने के चलते 3 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल, गायक ने पुलिस कस्टडी में मारी गई महसा अमिनी और हिजाब विरोध प्रदर्शन के समर्थन में गाना लिखा था। इसके बाद उन पर हिंसा भड़काने और सरकार के खिलाफ प्रचार करने के आरोप लगे थे।दरअसल, शर्विन ने 2022 में सोशल मीडिया पर अपना गाना 'बराए' साझा किया था, जिसका मतलब 'किसी के लिए' है। उन्होंने इस गाने के बोल लोगों के ट्वीट से बनाए थे और बताया था कि ईरानी जनता सरकार के खिलाफ क्यों है। यह गाना जारी होते ही वायरल हो गया और गायक को अगले ही दिन गिरफ्तार कर लिया गया था। शर्विन को सरकार के खिलाफ प्रचार के लिए 8 महीने की सजा दी गई।




# प्रतीक, पेंटाली का बेरहम घड़ियां गाना रिलीज


**मुंबई।** प्रतीक सहजपाल और पेंटाली सेन अभिनीत गाना बेरहम घड़ियां रिलीज हो गया है। प्रतीक सहजपाल व पेंटाली सेन ने कहा कि गदर की कोरियोग्राफर शबीना मैम ने इसे एक फिल्म की तरह शूट किया था। महत्वपूर्ण रहस्य के साथ, यह एक फिल्म जैसी कहानी है। हमें बहुत आनंद आया। शबीना खान द्वारा निर्देशित और कोरियोग्राफ बेरहम घड़ियां गाने को मोहम्मद ने आवाज दी है। संगीत दानिश और स्वाति शर्मा के कुमार दीपक ने दिया है। गीतकार श्री सिंधु हैं। यह गाना मून मूवीज़ एंड म्यूजिक द्वारा निर्मित है। बेरहम घड़ियां मून ओरिजिनल यूट्यूब चैनल और सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। अभिनेत्री पेंटाली सेन ने कहा कि मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मेरे साथ हैं।




# सुनील की 'सनफ्लावर 2' नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने कॉमेडियन और अभिनेता सुनील ग्रोवर पिछले कुछ समय से अपनी आगामी वेब सीरीज 'सनफ्लावर 2' को लेकर चर्चा में हैं। यह सीरीज 2021 में आई 'सनफ्लावर' की दूसरी किस्त है। 'सनफ्लावर 2' का प्रीमियर 1 मार्च, 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर हुआ। अब इस बीच निर्माताओं ने 'सनफ्लावर 2' की रिलीज से तीन दिन पहले सीरीज का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसे देख प्रशंसक काफी उत्साहित हो गए हैं। जी5 ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर 'सनफ्लावर 2' का पहला पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'संदिग्ध गतिविधियों से घिरा सोनू क्या सिर्फ एक संदिग्ध से ज्यादा कुछ है?' 'सनफ्लावर 2' में अभिनेत्री अदा शर्मा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। रणवीर शौरी और आशीष विद्यार्थी जैसे सितारे भी इस सीरीज का हिस्सा हैं।

## टीवी मसाला




# राजनीति में भूचाल लाने लौट रही 'महारानी', बदला लेते आएंगी नजर

**मुंबई।** पहले और दूसरे पार्ट से दर्शकों के जेहन में जगह बना चुकी पॉपुलर वेब सीरीज 'महारानी' के तीसरे सीजन का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ जिससे यह भी साफ़ हो गया है कि यह पॉलिटिकल ड्रामा कब रिलीज होने वाला है। ट्रेलर में दिखाया गया गया है कि पति भीमा भारती (सोहम शाह) की हत्या के झूठे आरोप में रानी भारती (हुमा कुरैशी) जेल में बंद है और इस हत्याकांड का बदला लेने की तैयारी कर रही है। हुमा कुरैशी स्टारर मोस्ट अवैटेड वेब सीरीज 'महारानी' तीसरे सीजन के साथ वापस लौट रही है। इस सीरीज को 7 मार्च से सोनी लिव पर देखा जा सकता है।

### क्या होगी 'महारानी 3' की कहानी

ट्रेलर से जो कहानी स्पष्ट होती है, उसके मुताबिक़, रानी भारती जेल में रहते हुए अपनी पढ़ाई पूरी कर रही है। रानी का राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी नवीन कुमार (अमित सियाल) उसके सामने चैलेंजेस डालता है। रानी के बच्चों पर भी गोली चलाई जाती है, तब वह जमानत पर बाहर निकलने का फैसला लेती है ताकि अपने बदले को अंजाम सके। ट्रेलर में कई शानदार डायलॉग्स भी सुनने को मिलते हैं, जिनमें से एक है, बंदूक कमजोर लोग चलाते हैं, समझदार लोग दिमाग। ट्रेलर के साथ 'महारानी' की स्ट्रीमिंग की तारीख का ऐलान भी किया गया है।

### कौन है महारानी का क्रिएटर

'महारानी' एक फिक्शन स्टोरी पर बेस्ड वेब सीरीज है, जिसमें एक घरेलू महिला के मुख्यमंत्री बनकर राजनीति में आने और फिर यहां नई-नई चुनौतियों का सामना करने की कहानी दिखाई गई है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि यह कहानी बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से प्रेरित है। सीरीज में नवीन कुमार के किरदार को बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार से प्रेरित बताया जाता है।

### वेब सीरीज की स्टार कास्ट

इस वेब सीरीज के क्रिएटर जाने-माने फिल्ममेकर सुभाष कपूर हैं। जबकि इसके पहले दो पार्ट को क्रमशः करण शर्मा और रवीन्द्र गौतम ने निर्देशित किया था। तीसरे पार्ट के डायरेक्टर सौरभ भावे हैं। सीरीज में विनीत कुमार, प्रमोद पाठक, कनी कुस्रुती, अनुजा साथे, सुशील पांडे, दिव्येंदू भट्टाचार्य की भी अहम् भूमिका है।

# कान्स फिल्म फेस्टिवल में धूम मचाने के बाद देशी थियेटर पर रिलीज होगी अल्फा बीटा गामा

**मुंबई।** कोरोना काल में पहले लॉकडाउन के दौरान एक आदमी, उसकी पत्नी और पत्नी का ब्वॉयफ्रेंड एक ही घर में 14 दिनों के लिए बंद हो गए हों तो उसका नज़ारा क्या होगा। क्या होगा घर के अंदर का माहौल। कुछ ऐसे ही मसालेदार तड़के के साथ एक लव स्टोरी फिल्म देश भर के सिनेमाघरों में आ रही है 8 मार्च को जिसका नाम है अल्फा बीटा गामा। इस फिल्म को बनाया है पुणे फिल्म इंस्टीट्यूट के कुछ लोगों ने एक टीम बना कर। फ्रेश सब्जेक्ट, अनछुई कहानी है और यही वजह है कि इस फिल्म ने पिछले 2 से 3 सालों में दुनिया भर में वाहवाही बटोरी है। लेखक निर्देशक श्रीकुमार शंकर की फिल्म अल्फा बीटा गामा का फिल्म फेस्टिवल गोवा में तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुआ। उसके बाद फिल्म अल्फा बीटा गामा ने दुनियां भर के एक से बढ़कर एक प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में आकर्षण का केंद्र बनी।



### फिल्म में इन कलाकारों का रोल

फिल्म में रीना अग्रवाल के अलावा निशान ननैया और अमित कुमार वशिष्ठ मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। ये फिल्म छोटी फिल्म प्रोडक्शन और नाउनसेंस के बैनर तले बनी है। अल्फा बीटा गामा को 70 एमएम टॉकीज, सामंत चौहान और अगस्त्य जैन ने प्रस्तुत किया है। मोना शंकर, मेनका शर्मा, जितिन राज और थॉमस पुन्नूस ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है। लेखक और निर्देशक श्रीकुमार शंकर की फिल्म अल्फा बीटा गामा एक लव स्टोरी हैं जिसमें स्लाइस ऑफ लाइफ के बीच ढेर सारी कॉमेडी है।

# विजय वर्मा फिल्म 'आईसी814' में पायलट बन जीतेंगे दर्शकों का दिल

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा अब धीरे-धीरे बॉलीवुड में भी अपने पैर जमा रहे हैं। विजय एक के बाद एक कई हिंदी फिल्मों और वेब सीरीज में अपने अभिनय का कमाल दिखाते नजर आए हैं। हाल ही में उनकी नई फिल्म 'आईसी 814 का ऐलान किया गया है। फिल्म में अभिनेता पायलट की भूमिका निभाएंगे। 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' में कैप्टन देवी शरण की भूमिका निभाने से पहले विजय ने असल में कैप्टन देवी शरण से मुलाकात की। फिल्म में विजय के अलावा नसीरुद्दीन शाह, पंकज कपूर और दीया मिर्जा जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान अनुभव सिन्हा ने संभाली है और यह 'नेटफ्लिक्स' पर दस्तक देगी।



### कंधार विमान अपहरण की कहानी

'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' में साल 1999 में एयर इंडिया के विमान के हाईजैक की वास्तविक घटना को दिखाया जाएगा। इस घटना में 188 यात्रियों को आतंकवादियों ने 7 दिनों तक बंधक बनाकर रखा था। विजय ने कैप्टन से सारी जानकारी जुटाने के बाद अपनी तैयारी में और गूढ़ता लाने के लिए विजय ने फ्लाइट सिविलाइजेशन सेंटर का दौरा किया। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों से सीखते हुए अभिनेता ने अपने किरदार में प्रामाणिकता लाने के लिए सभी आवश्यक चीजों को ग्रहण किया है। बता दें, यह फिल्म कंधार प्लेन हाईजैक की सच्ची घटना पर आधारित है।

## इस माह मचेगा बॉक्स ऑफिस में तहलका, फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद ही खास

# योद्धा से लेकर द क्रू तक रिलीज होंगी ये धांसू फिल्में

**मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघर में बॉलीवुड, टॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक की फिल्में धमाल मचा रही है। हर जॉनर की फिल्म बॉक्स ऑफिस शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। फरवरी का महीना शुरुआत से ही एंटरटेनमेंट से भरपूर रहा। कई फिल्मों ने लोगों का दिल जीता और शानदार कलेक्शन भी किया। वहीं अब मार्च का महीना भी फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद ही खास होने वाला है। इस महीने कॉमेडी, रोमांस, थ्रिल, सस्पेंस, एनिमेशन और एक्शन से भरपूर कई शानदार फिल्में रिलीज होने के लिए तैयार हैं। जिसमें सिद्धार्थ कपूर की योद्धा से लेकर करीना-तब्बू-कृति की द क्रू भी शामिल है।

### अजय देवगन की हॉरर थ्रिलर फिल्म 'शैतान'

अजय देवगन की मचअवेटेड हॉरर थ्रिलर फिल्म 'शैतान' भी रिलीज होने के लिए तैयार है। विकास बहल के निर्देशन में बनी ये फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म 'शैतान' में अजय देवगन के अलावा आर. माधवन, एक्ट्रेस ज्योतिका भी नजर आएंगी। फिल्म को अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने प्रोड्यूस किया है।







### सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर फिल्म 'योद्धा'

सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर फिल्म 'योद्धा' 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस हाई ऑक्टेन एक्शन फिल्म में सिद्धार्थ सोल्जर की भूमिका धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा इस फिल्म में दिशा पाटनी और राशि खन्ना भी नजर आने वाली हैं। फिल्म को पुष्कर ओझा और सागर आंब्रे ने डायरेक्ट किया है। वहीं करण जौहर, शशांक खैतान, अपूर्वा मेहता ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है।

### नक्सलवाद पर प्रहार 'बस्तर द नक्सल स्टोरी'

अदा शर्मा की अपकमिंग फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' की जब से अनाउंसमेंट हुई है, फैंस इस मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुदीप्तो सेन ने डायरेक्शन में बनी फिल्म 15 मार्च 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में अदा शर्मा लीड रोल में हैं।

### करीना, कृति और तब्बू की फिल्म 'क्रू'

करीना कपूर खान, कृति सेनन और तब्बू की मचअवेटेड फिल्म 'क्रू' को लेकर दर्शकों के बीच बज बना हुआ है। राजेश ए कृष्णन के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ कॉमेडियन कपिल शर्मा, एकता कपूर, शोभा कपूर, रिया कपूर और अनिल कपूर स्पेशल अपीयरेंस करते दिखेंगे।

### कई सितारों से सजी 'मर्डर मुबारक'

सितारों से सजी मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म 'मर्डर मुबारक' 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। इस फिल्म में सारा अली खान, करिश्मा कपूर, विजय वर्मा, पंकज त्रिपाठी, डिंपल कपाड़िया, संजय कपूर सहित कई सितारें एक साथ नजर आएंगे।

### एनिमेटेड फिल्म 'कुंग फू पांडा 4'

एनिमेटेड फिल्म 'कुंग फू पांडा 4' भी 15 मार्च को रिलीज होने वाली है। ए ड्रीमवर्क्स एनिमेशन, कुंग फू पांडा 4 का डायरेक्शन माइक मिचल ने किया है। यूनिवर्सल पिक्चर्स वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की ये फिल्म अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होने के लिए तैयार है।

### बायोपिक फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर'

रणदीप हुडा के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' 22 मार्च 2024 को दो भाषाओं हिंदी और मराठी में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में अंकिता लोखंडे भी नजर आने वाली हैं। बता दें कि 'स्वतंत्र वीर सावरकर' भारत के स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की बायोपिक है।

4- MAR- BSP- PG-5 ZINDAGI_Layout 1 3/5/2024 12:03 AM Page 1


# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 5 मार्च 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




3

इंडियन लॉ रिपोर्ट के द्विभाषी संस्करण का विमोचन

## एजुकेशन लाइव

### समाज उपयोगी शोध ही सार्थक शोध



सीयू के दो शिक्षकों को मिला आईसीएसएसआर शोध अनुदान

**बिलासपुर।** गुरू घासीदास विश्वविद्यालय की शिक्षा विद्यापीठ के अंतर्गत शिक्षा विभाग के दो सहायक प्राध्यपकों डॉ. मुकेश चंद्राकर तथा डॉ. अजय समीर कुजूर को भारतीय सामाजिक विज्ञान शोध परिषद, आई.सी.एस.एस.आर. से 8.50 लाख रूपए का शोध अनुदान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल ने दोनों शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे शोध का उद्देश्य लोक हितकारी व समाज उपयोगी होना चाहिए जिससे सामान्य व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। कुलपति ने कहा कि परियोजना के लिए ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर जैसे विषय का चुनाव उपयुक्त होने के साथ ही समाज में इस विषय के संबंध में जागरुकता लाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि शोध परियोजना के अंत में आने वाले परिणाम एवं सुझाव निश्चित रूप से एक क्रियाशील नीति के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे।

दोनों शिक्षकों को भारतीय सामाजिक विज्ञान शोध परिषद, नई दिल्ली द्वारा विशेष शिक्षा के ऑटिज्म क्षेत्र में "लिव्ड वर्ल्ड एक्सपीरियंस ऑफ़ मदर्स इन रेजिंग अ चाइल्ड विथ ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर फेनोमेनोलोजिकल स्टडी" विषय पर शोध के लिए अनुदान प्राप्त हुआ है। ऑटिज्म एक विकासात्मक अक्षमता है जिसके बारे में जन सामान्य में बहुत ही कम जानकारी है। इस अक्षमता में बच्चों में व्यावहारिक एवं सामजिक सम्प्रेषण की कमी होती है जिसे लोग अनदेखा कर देते हैं। इस शोध परियोजना के अंतर्गत ऑटिज्म बच्चों की माताओं व उनके बच्चों के लालन-पालन, शिक्षा, सामाजिक स्थिति आदि में होने वाली समस्याओं का अध्ययन कर भारत सरकार एवं राज्य सरकार को उपयुक्त सुझाव प्रदान किये जाएंगे ताकि इन बच्चों व अभिभावकों हेतु उचित नीति का निर्धारण किया जा सके।

## समाज सेवा

### बच्चों को खुश करने निःशुल्क पिला रहे लस्सी



**बिलासपुर।** बस स्ट्रैण्ड स्थित जिला अस्पताल के सामने नवीन मसीह बच्चों को खुश करने हर गर्मी में निःशुल्क लस्सी पिलाते हैं। शहर के तमाम बच्चे जो इस मार्ग से निकलते हैं, इनकी दुकान से जरूर लस्सी पीकर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों में भगवान का रूप होता है, इनकी सेवा ही भगवान की सेवा होती है। इसी ध्येय के साथ वे ये कार्य वे बीते कई वर्षों से कर रहे हैं। प्रतिदिन वे 50 से 60 गिलास लस्सी बच्चों को पिला देते है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दूर-दूर से बच्चे आते हैं, जिन्हें इस तेज गर्मी में ठंडा पीने की इच्छा होती है, तो वे यहां हर बच्चे को ठंडी लस्सी पिलाते हैं।

अस्पताल के सामने, कर रहे सेवा

#### गर्म पानी व लाल चाय की करेंगे सेवा

श्री मसीह ने बताया कि अस्पताल में आए मरीजों को गर्म पानी व लाल चाय के लिए बहुत परेशान होना पड़ता है। वे आने वाले समय में इसकी भी सेवा प्रारंभ करेंगे। वे हर मरीज को गर्म पानी व लाल चाय का वितरण निःशुल्क करेंगे।

## धर्म क्षेत्र

### अपने को जोड़ें यज्ञ-संस्कार से, दूसरों को भी दें प्रेरणा



क्रांतिनगर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर के ट्रस्टी रामकुमार एवं उनकी टोली द्वारा हनुमान मंदिर क्रांतिनगर के प्रांगण में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कराया गया। इसमें युग ऋषि का संदेश सुनाया गया। साथ ही कहा गया कि सभी यज्ञ और संस्कार परंपरा से अपने को जोड़ें और दूसरों को भी प्रेरणा दें। कार्यक्रम के दूसरे चरण में शाम को प्रज्ञा पुराण का वाचन कर दीपयज्ञ किया गया। इस दौरान जलाए सैकड़ों दीपक की रौशनी से मंदिर परिसर जगमगा उठा। अंत में सामूहिक आरती कर अमृताशन भोग प्रसाद का भंडारा भी रखा गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया। महायज्ञ के दौरान ट्रस्टी श्री श्रीवास ने विचार क्रांति अभियान, अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के सूत्रों को यज्ञ कार्यक्रम के माध्यम से बताया। उन्होंने बताया कि गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य ने 21 वीं सदी उज्जवल भविष्य, नारी सदी, सतयुग की वापसी और राम राज्य स्थापना होने की घोषणा पहले ही कर दी थी।

दीपयज्ञ में दीपकों की रौशनी से जगमगाया मंदिर परिसर

#### यज्ञ संपन्न कराने किया गया जागरूक

गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान को सफल बनाने के लिए आगामी बुद्ध पूर्णिमा के दिन एक ही समय पर एक ही दिन 1008 लोगों के घरों में यज्ञ संपन्न कराने उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही इस आयोजन में सहभागिता के लिए आमंत्रण भी दिया गया।

# हो रही हरियाली की तैयारी

## सरकारी नर्सरियों में तैयार हो रहे लाखों पौधे

**बिलासपुर।** शहर को हरा-भरा रखने पौधो का अहम योगदान होता है और शहर में लाखों पौधे नर्सरी के माध्यम से लगाए जाते हैं, वन विभाग व समाजिक वानिकी विभाग द्वारा कई एकड़ क्षेत्रफल में लाखों पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इसको लेकर इस बार भी तैयारी शुरू कर दी गई है, प्रशासन से स्वीकृति मिलते ही यहां कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इन नर्सरियों में छायादार,फलदार व औषधीय पौधे हर वर्ष लगाएं जाते हैं। पौधे तैयार हो जाने के बाद जिले भर में इसका वितरण होता है। इन्ही पौधों से पूरे जिले में ऑक्सीजन मिलती है, जिससे पूरे क्षेत्र में हरियाली होती है।





### छायादार, फलदार व औषधीय पौधों से मिलेगी हरियाली



**6 माह में हो जाते है, तैयार :** रेंजर आर के नेताम ने बताया कि इन नर्सरियों में पौधे लगाने की तैयारी मार्च शुरूवात से कर दी जाती है तब जाकर जून अंतिम व जुलाई शुरूवात तक यह पौधे तैयार हो पाते है। इस नर्सरीयों की तैयारी में बड़ी संख्या में महिला सहायता समूह व वन के कर्मचारी भी इसकी देखभाल में रहते है। पूरे तैयार होते तक तकरीबन 6 माह लग ही जाता है।

#### इन जगहों में नर्सरी

जिले में कई जगहों में नर्सरी लगाई जाती है, इसमें अस्थाई व स्थाई दोनों तरह की नर्सरी जिले में है, जहां लाखो पौधे लगाएं जाते हैं। इनमें जिले की सबसे बड़ी नर्सरी इंद्रा अमराई है, यहां 25 एकड़ में नर्सरी लगाई जाती है।

इसके अलावा पेंडरवा, अरण्यिका, कर्रा, बेलगहना सहित अन्य क्षेत्रों में नर्सरी लगाई जाती है। रोपण का महाअभियान प्रशासन द्वारा हर वर्ष जुलाई में पौधारोपण का अभियान चलाया जाता है, इस मुहिम में लाखों पौधे पूरे शहर में लगाएं जाते है।

#### 5 से अधिक जगहों में लग रही नर्सरी

वनचालक प्रमोद सोनी ने बताया कि पूरे जिले में पांच से अधिक जगहों में पचास एकड़ से भी अधिक क्षेत्रफल में हर वर्ष नर्सरी तैयार की जाती है। यहां लाखों पौधे लगते है, जो तैयार हो जाने के बाद पूरे जिले में इसका वितरण किया जाता है। यहां हर तरह के पौधे तैयार किए जा रहे है। ताकि आसानी से यह कही पर भी लग जाएं।

#### यह पौधे नर्सरी में लगते

इन नर्सरियों में आंवला, नींबू, अर्रा,जामुन,कटहल, मुंगा, सीताफल, काला सीरस, बांस, आम, पचरोपण, गुलमोहर सहित बड़ी संख्या में औषधीय, छायादार पौधे लगाए जाते हैं।

#### एक पौधे में 25 रूपए खर्च

डिप्टी रेंजर वेद शर्मा ने बताया कि वन विभाग द्वारा इन नर्सरियों में हर वर्ष लाखों पौधे तैयार किए जाते हैं। प्रत्येक पौधे के पर विभाग द्वारा 25 रूपए खर्च किया जाता है। इसमें खाद, स्टॉफ व परिवहन तक का खर्च इसमें शामिल होते हैं। शहर को हरा-भरा रखने लाखों रूपए खर्च किया जाता है।

## छत्तीसगढ़ महतारी व आदिवासी संस्कृति को दर्शाया

### साउथ ईस्ट जोन इंटर यूनिवसिर्टी युवा उत्सव में सीवी रमन विवि के छात्र हुए शामिल

**बिलासपुर।** डॉ. सी व्ही रामन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के साउथ ईस्ट जोन के इंटर यूनिवर्सिटी युवा महोत्सव में जीत दर्ज की। साउथ ईस्ट जोन के विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच हुई प्रतियोगिता में सीवीआरयू के विद्यार्थियों ने कल्चरल प्रोसेशन में पुरस्कार प्राप्त किया है। विजेता बन कर आए विवि के विद्यार्थी उत्साह से लबरेज दिखे। एआईयू का युवा महोत्सव जेएसएस साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, मैसूर कर्नाटक में 22 फरवरी से 26 फ़रवरी तक आयोजित किया गया था। साउथ ईस्ट में सम्मिलित कर्नाटक और तेलंगाना राज्य की विश्वविद्यालय की छत्तीसगढ़ की संस्कृति को कल्चरल प्रोसेशन में बहुत सहारना मिली। कल्चरल प्रोसेशन में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को दर्शाया था, जिसमें कि छत्तीसगढ़ महतारी के विभिन्न रूपों को दर्शाया गया तथा नवाखाई उत्सव को दिखाते हुए, आदिवासी संस्कृति को भी दर्शाया गया। इस सफलता पर पूरे विश्वविद्यालय परिवार ने कल्चरल कोऑर्डिनेटर और टीम मैनेजर प्रो. काजल मोइत्रा, डॉ निकेत शुक्ला, जितेंद्र गुप्ता, संदीप ठाकुर, प्रमोद शुक्ला, कैलाश दास मानिकपुरी और सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है।



#### छात्रों ने परंपरा बनाए रखी : कुलसचिव

विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में शामिल होने के साथ संस्कृति को भी साझा किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि डा. सीवी रामन विश्वविद्यालय प्रतिवर्ष होने वाले इस आयोजन में विद्यार्थी अपने-अपने क्षेत्र की लोककला का प्रदर्शन करते हैं, जिसमें हर वर्ष कल्चरल प्रोसेशन में पुरस्कार मिलता है, यह परंपरा बनाए रखी है। आने वाले समय में हम ज्यादा तैयारी से शामिल होगें. सफलता पर विवि के कुलपति प्रो. आरपी दुबे ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सीवीआरयू के विद्यार्थियों ने देश के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच छत्तीसगढ़ की लोककला, संस्कृति सहित विभिन्न विषयों पर तैयार किए गए कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी है।



#### हर्षिता ने दी कथक की प्रस्तुति

मध्य प्रदेश शासन के तत्वाधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खजुराहो नृत्य महोत्सव में डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय की ललित कला विभाग की सहायक प्राधिपिका हर्षिता कुमार ने कथक की प्रस्तुति दी। इस महोत्सव में 1500 कत्थक नृत्यांगनाओं ने अपने कला की प्रस्तुति दी। जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है, नृत्य महोत्सव में विख्यात गुरु ने शिरकत की थी. जिसमें मुख्य रूप से पंडित राजेन्द्र गंगानी, ममता महाराज, शमा भाटे, पंडित रामलाल शामिल है। इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे, कुल सचिव गौरव शुक्ला, सम कुलपति जयंती चटर्जी ने पूरे विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी।



## युवा संसद के परस्पर विचार-विमर्श को उतारें जीवन शैली में

**बिलासपुर।** नेहरू युवा केन्द्र बिलासपुर युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जिला स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को डीपी विप्र लॉ कॉलेज अशोक नगर सरकण्डा बिलासपुर में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि युवाओं को आस-पडोस युवा संसद कार्यक्रम में किए गए परस्पर विचार विमर्श को अपने जीवन शैली में उतारने का प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। अतिथियों का फूलमाला व बुके से स्वागत बाद कार्यक्रम की प्रस्तावना में डॉ दिनेश चन्द्र यादव जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर युवाओं को मंच प्रदान करना है। जहां वे परस्पर विचारों का अदान-प्रदान करें।

- डीपी विप्र लॉ कॉलेज में जिला स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अन्नू भाई सोनी प्राचार्य ने कहा कि युवाओं को कार्यक्रम में मिली जानकारी को स्वयं फॉलो कर उसे अपने क्षेत्र में प्रसारित करना चाहिए। अंत में राजेश टण्डन सरपंच ग्राम बरद्ुली मुंगेली के नेतृत्व में उनकी पंथी टीम ने पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही युवा कार्यक्रम की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का संचालन विभांषु अवस्थी राष्ट्रीय सेवा योजना डीपी विप्र लॉ कॉलेज एवं आभार प्रदर्शन एमएल सोनी लेखापाल नेहरू युवा केन्द्र ने किया।

#### महिला सशक्तिकरण पर रखे विचार

नए वित्तीय वर्ष से केन्द्र सरकार द्वारा दण्ड संहिता के स्थान पर न्याय संहिता अपनाए जाने कार्यक्रम के अंतर्गत अंकिता शुक्ला राष्ट्रीय युवा अवार्डी ने महिला सशक्तिकरण, संतोषी वर्मा संचालक मितवा स्वयंसेवी संस्था ने बालिका शिक्षा व कौशल विकास एवं संध्या चन्द्रसेन संचालिका विश्वास सोशल वेलफेयर संस्था बिलासपुर ने नशा उन्मूलन पर युवाओं को मार्गदर्शन किया।

#### इनका हुआ सम्मान

युवा कार्यक्रम में जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित तिलक देवांगन, घनश्याम कौशिक एवं कौशल जोशी, नेहरू युवा केन्द्र में 2 वर्ष की सेवा कर चुके राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक कु. शारदा श्रीवास, शालिनी नामदेव, कुशाल यादव, अरूण साहू, नीरज कंठालेय, पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक अजय यादव, दीनदयाल को मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।

## स्पोर्ट्स न्यूज

सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप प्रतियोगिता

# सुंदरम और प्रवीण की गेंदबाजी से प्लेट कंबाइंड 306 रनों पर ढेर



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट एलीट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।

**बिलासपुर।** क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल मैच रायपुर के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बिलासपुर ब्लू बनाम प्लेट कंबाइंड के बीच 4 मार्च से प्रारंभ हुआ। इसमें बिलासपुर ब्लू के कप्तान इम्तियाज़ खान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। प्लेट कंबाइंड की पूरी टीम 74.1 ओवर में 306 रन बनाकर आउट हो गई । प्लेट कंबाइंड की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान आदित्य सिंह ने 134 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं अब्दुल अनस ने 70 रन, शशांक तिवारी ने रनों का योगदान दिया।

बिलासपुर ब्लू की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए प्रवीण कुमार यादव और श्रेयम सुंदरम को तीन तीन विकेट प्राप्त हुए इम्तियाज़ खान ने दो विकेट परिवेश धर और शुभम सिंह ठाकुर को एक-एक विकेट प्राप्त हुए।

इसके बाद बिलासपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी खेलते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने तक 7 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 21 रन बना लिए हैं। जिसमें आशीष पांडे नाबाद 10 रन और शुभम सिंह ठाकुर नाबाद 5 रन पर खेल रहे हैं। बिलासपुर ब्लू का एक मात्र विकेट अमित कुमार यादव को प्राप्त हुआ है। बिलासपुर ब्लू को प्लेट कंबाइंड से बढ़त बनाने के लिए अभी भी 285 रनों की आवश्यकता है।

स्मृति स्पोर्ट्स वॉलीबॉल क्लब राजकिशोर नगर के तत्वाधान में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्मृति स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष बंटी छाबड़ा ने की। प्रतियोगिता में राज्य की 16 टीमों ने भाग लिया।



## स्मृति स्पोर्ट्स क्लब की वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

प्रथम पुरस्कार 11 हजार की राशि बंटी छाबड़ा, द्वितीय पुरस्कार की राशि 7 हजार डीके सिंह, तृतीय पुरस्कार की राशि 5 हजार राकेश सिंह राठौर से दिया गया। इसके अलावा चमचमाती ट्राफी प्रथम, द्वितीय, तृतीय अन्य आकर्षण इनाम विजेता टीम को एसीसी कंपनी की ओर से दिया गया। उक्त आयोजन में प्रथम पुरस्कार अंधियार खोल पंडरिया कवर्धा, द्वितीय शाइनिंग क्लब भिलाई एवं तृतीय पुरस्कार भगत सिंह क्लब भिलाई ने प्राप्त किया। इस दौरान वार्ड 51 की पार्षद संध्या तिवारी, जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव आरके शर्मा, एसीसी सीमेंट कंपनी के एरिया इंचार्ज अखिलेश बघेल, रोहित पटेल, भाजपा युवा नेता जय वाधवानी, संजीव राव, विकास कुकरेजा, सुशील धर दीवान, पाटली पुत्र विकास समिति के अध्यक्ष डा धर्मेंद्र दास, डा शेखर चटर्जी,भागवत प्रसाद राठौर आनंद पाटनवार आदि थे । आयोजन को सफल बनाने में निर्णायक की भूमिका रमेश बहादुर,राजेश्वर सिंह,सुमित सिंह आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई।

**16 टीमों ने लिया भाग**

4- MARCH- BSP- p-6_Layout 1 3/5/2024 12:05 AM Page 1



# स्मार्ट सिटी 2.0: सेकंड फेज में छत्तीसगढ़ से एकमात्र बिलासपुर शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोमवार का दिन बिलासपुर के लिए बड़ी उपलब्धि भरा रहा। केन्द्र शासन ने स्मार्ट सिटी सेकंड फेज 2.0 के लिए बिलासपुर स्मार्ट सिटी का चयन किया है। देश के 100 स्मार्ट सिटी में से 18 शहरों का चयन स्मार्ट सिटी के दूसरे फेज के लिए किया गया है, जिसकी घोषणा सोमवार को केन्द्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप पूरी ने की है।

- स्मार्ट सिटी 2.0 में हुआ बिलासपुर का चयन
- देश के 18 स्मार्ट सिटी में शामिल

पूरे छत्तीसगढ़ सहित ये बिलासपुर शहर के लिए बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि स्मार्ट सिटी 2.0 में शामिल होने वाला बिलासपुर प्रदेश का इकलौता शहर है। रायपुर और नवा रायपुर दूसरे फेज के लिए आयोजित काम्पिटिशन के पहले राउंड में ही बाहर हो गए थे। दूसरे फेज के लिए केन्द्र शासन से शुरूआत में मिलने वाले 135 करोड़ रुपए से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर काम करते हुए शहर को पर्यावरण अनुकूल ग्रीन और स्वच्छ शहर बनाया जाएगा। स्मार्ट सिटी 2.0 में नगर निगम सीमा क्षेत्र के सभी 70 वार्डों को शामिल किया जाएगा, जिससे शहर के सभी हिस्सों में विकास और स्वच्छता पर काम किया जा सकेगा।

स्मार्ट सिटी 2.0 की समयावधि 5 साल तक के लिए रहेगी। स्मार्ट सिटी 2.0 के तहत शहर में पूर्व से संचालित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को और अधिक ढंग से प्रभावी बनाया जाएगा। पूरे शहर को स्वच्छ रखने विशेष कार्ययोजना पर काम किया जाएगा। इसके तहत कचरे से ऊर्जा तैयार किया जाएगा, विशेषकर खाद से सीएनजी बनाया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में सर्कुलर अर्थव्यवस्था हासिल करने के कचरे से खाद बनाने वाले संयंत्र और कचरे से ऊर्जा बनाने वाले संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। आने वाले 5 वर्षो में बिलासपुर को पूरी तरीके से स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा।

## विकास की दिशा में प्रभावी कदम: साव



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने कहा कि स्मार्ट सिटी 2.0 में बिलासपुर का चयन होना पूरे राज्य के लिए उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच और मिशन के उद्देश्यों को शतप्रतिशत लागू कराना प्राथमिकता होगी। शहर के विकास में स्मार्ट सिटी 2.0 मील का पत्थर साबित होगी, इसके लिए शहरवासियों को बधाई।

## विकास के नए अध्याय का प्रारंभ: अमर



शहर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि स्मार्ट सिटी के दूसरे फेज में देश के कुल 18 शहरों में हमारा बिलासपुर भी शामिल है। यह अत्यंत गौरव का क्षण है। स्मार्ट सिटी पहले पहले फेज में बिलासपुर पहले ही शामिल था अब 2.0 में शामिल होने से शहर में विकास के नए अध्याय का प्रारंभ होगा। इस बार पूरा शहर कार्यक्षेत्र में शामिल है जिसमें 70 वार्ड हैं जिससे सभी क्षेत्रों में काम किया जा सकेगा।

## नए क्षेत्रों को भी लाभ मिले: सुशांत



बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि स्मार्ट सिटी 2.0 में बिलासपुर का स्थान होना निश्चित तौर पर हम सबके लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री के स्मार्ट शहरों की कल्पना निरंतर साकार हो रही है। स्मार्ट सिटी 2.0 में शहर के सभी 70 वार्ड शामिल किए गए हैं। यह सराहनीय है, निगम सीमा क्षेत्र से जुड़े नए वार्डों में स्वच्छता समेत अन्य कार्यों को गति मिलेगी।

## जून 2024 में समाप्त हो रहा पहला फेज

जून 2024 में स्मार्ट सिटी मिशन की अवधि समाप्त होने के पहले केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मंत्रालय द्वारा स्मार्ट सिटी 2.0 पर काम प्रारंभ कर दिया गया था। इसके तहत 31 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2.0 को मंजूरी दी गई। इसके बाद केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप पुरी ने 16 नवंबर को सिटीजन इन्वेस्टमेंट टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन 2.0 चैलेंज को लॉच किया।

## समग्र विकास के लिए अहम पड़ाव: एमडी

स्मार्ट सिटी बिलासपुर के एमडी अमित कुमार ने स्मार्ट सिटी 2.0 में बिलासपुर के चयन होने पर शहरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि बिलासपुर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को प्रभावी और शहर को ग्रीन बनाने में स्मार्ट सिटी 2.0 की बड़ी भूमिका होगी। शहर स्वच्छ और सुंदर बने एवं इसके समग्र विकास के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे।

## 9 सदस्यीय टीम ने किया परीक्षण

स्मार्ट सिटी मिशन तहत आने वाले सभी 100 शहरों से इस योजना के लिए आवेदन मंगाए गए थे। स्मार्ट सिटी 2.0 के तहत 100 में से 84 स्मार्ट शहरों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके तहत भाग लेने वाले सभी 84 शहरों से पहले राउंड के लिए सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए आगामी कार्य योजना को लेकर प्रस्ताव मंगाए गए। प्राप्त प्रस्तावों का 9 सदस्यीय कमेटी द्वारा परीक्षण किया गया, जिसमें दूसरे राउंड के लिए 36 शहरों का चयन किया गया। दूसरे राउंड के तहत 7 व 8 फरवरी को प्रेजेंटेशन के लिए चयनित 36 शहरों के प्रशासनिक टीम को नई दिल्ली बुलाया गया, जहां सभी शहरों ने अपना प्रेजेंटेशन दिया। प्रेजेंटेशन पश्चात आज स्मार्ट सिटी 210 के परिणामों की घोषणा की गई, जिसमें देश के कुल 18 शहरों का चयन किया गया।

## खबर संक्षेप

### 246 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 7 को

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में 7 मार्च को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक निःशुल्क प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प में 5 निजी संस्थानों द्वारा मशीन ऑपरेटर, फिटर, टर्नर, वेल्डर, एग्रीकल्चर ऑफिसर, सेल्स रिप्रजेंटेटिव सहित कुल 246 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए आवश्यक योग्यता पदों के अनुसार 10वीं, 12वीं, आईटीआई, गेजुएट आदि निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधारकार्ड एवं समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकसूची एवं प्रमाण पत्र की मूलप्रति व छायाप्रति के साथ इस कैंप में उपस्थित हो सकते हैं।

### पत्नी को भगाकर युवक ने घर में लगाई आग

**बिलासपुर।** नशेड़ी युवक ने पत्नी को भगाकर घर में आग लगा दी। आग फैलकर उनके बड़े भाई के कमरे में चले गई, जिससे कमरे में रखा सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अरविंदनगर बंधवापारा निवासी लक्ष्मी प्रसाद यादव पत्नी बच्चों के साथ अलग रहते हैं। बगल में उनका छोटा भाई रामप्रसाद यादव अपने परिवार के साथ रहता है। 3 मार्च को उनकी पत्नी लता यादव कमरे के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित मायके तिफरा चली गई थी। 4 मार्च की सुबह 4 बजे पड़ोसी गगन मानिकपुरी उर्फ गोलू ने उन्हें फोनकर बताया उनके घर में आग लग गई है। वह अपने पति के साथ बंधवापारा गई तो दमकल से आग बुझाया जा रहा था। उनकी सास रामकली यादव ने बताया उनका देवर रामप्रसाद नशे की हालत में आया और विवाद करने के बाद अपनी पत्नी रमा बाई को भगाकर अपने कमरे में आग लगा दी। आग फैल कर उनके कमरे में चली गई। आग लगने से लता यादव के कमरे में रखा फ्रीज, टीवी, कपड़ा, राशन का सामान मिक्सी जरूरत का सामान जलकर खाक हो गया है। पुलिस ने लता यादव की रिपोर्ट पर देवर रामप्रसाद यादव के खिलाफ धारा 436 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 20 किलो गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस को एक बार फिर भारी मात्रा में गांजा पकड़ने में सफलता मिली है। रेलवे क्षेत्र से दो तस्करों को पकड़कर उनके कब्जे से 20 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस गांजा जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। एसपी रजनेस सिंह ने थानेदारों को नशे के खिलाफ अभियान चला कर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया है। सोमवार को तोरवा पुलिस को सूचना मिली कि दो लोग बैग में गांजा रखकर जा रहे हैं। पुलिस ने बाबूनगर रोड़ में घेराबंदी कर उत्तर प्रदेश मझोला निवासी अवनीश ठाकुर पिता प्रमोद सिंह ठाकुर 25 साल, इसाक भदौरिया उर्फ चमन पिता जितेन्द्र सिंह भदौरिया 21 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर बैग में अलग पैकेट में 20 किलो गांजा मिला। बताया जाता है कि दोनों युवक ओडिशा से गांजा लेकर ट्रेन से शहर आए थे और खपाने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 24 फरवरी को एसीसीयू की टीम ने भारतीय नगर में दबिश देकर ब्रेजा कार सवार टिकरापारा के 4 तस्करों को पकड़कर उनके कब्जे से 40 किलो गांजा बरामद किया था। पुलिस शहर में गांजा की तस्करी करने वालों पर नजर रखी हुई है।

## अतिक्रमण कर बनाए गए 11 दुकान तोड़े गए, जमकर हुई बहसबाजी

# मंगला बस्ती मार्ग पर दूसरे दिन भी अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला बस्ती मार्ग पर बेजा कब्जा तोड़ने की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। नगर निगम की टीम द्वारा स्कूल के सामने से लेकर पेट्रोल पंप के आसपास की 11 दुकानों को सोमवार को तोड़ा गया। कार्रवाई के दौरान वहां पर बहसबाजी, हंगामा भी हुआ। इस तरह मुख्य मार्ग के पास से लेकर मंगला बस्ती मोड़ के आगे तक सड़क के दोनों किनारे के बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई।

नगर निगम द्वारा मंगला बस्ती मार्ग पर आज फिर बेजा कब्जा तोड़ा गया। पहले दिन की तरह बेजा कब्जा तोड़फोड़ कार्रवाई को लेकर निगम टीम को विरोध, हंगामा का सामना करना पड़ा और कार्रवाई में लगे कर्मचारियों एवं वहां के लोगों के बीच बहसबाजी हुई। इधर की निगम की टीम ने पहले दिन की कार्रवाई के बाद बच गए बेजा कब्जा को तोड़ना शुरू किया गया और मंगला बस्ती रास्ता में पड़ने वाले शासकीय स्कूल के सामने से लेकर पेट्रोल पंप के आसपास सड़क के दोनों ओर बेजा कब्जा कर बनाए गए दुकानों को तोड़ा। पहले दिन की कार्रवाई के बाद नुकसान से बचने के लिए कुछ दुकान वालों ने स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटवाना शुरू कर दिया है। बेजा कब्जा हटाने के बाद नगर निगम द्वारा इस सड़क का चौड़ीकरण कराया जाएगा। पेट्रोल पंप के आगे से लगभग डेढ़ किमी सड़क निर्माण कार्य होना है। यहां 80 फीट चौड़ी सड़क के साथ फुटपाथ व नाली भी बनाई जाएगी। मंगला मार्ग में सड़क पर 10 फीट से लेकर लगभग 40 फीट तक बेजा कब्जा हो गया था और मकान, दुकान बन गए थे। नगर निगम ने तीन दिनों पहले ही बेजा कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया था और 24 घंटे भीतर अतिक्रमण हटाने अन्यथा कार्रवाई की चेतावनी दी थी।



मंगला बस्ती मार्ग पर अवैध रूप से बनी दुकानों को बुलडोजर से तोड़ा गया।

### संकरी हो गई थी सड़क

मंगला बस्ती मार्ग की सड़क के दोनों किनारों बेजा कब्जा होने से सड़क संकरी हो गई थी। इस सड़क पर दो और चारपहिया वाहनों का एक साथ गुजरना मुश्किल होता था। मंगला क्षेत्र अब नगर निगम में शामिल हो गया है और इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव रहता है, क्योंकि इस मार्ग से लोगों का आवागमन पूरे दिन चलता रहता है। ऐसे में कई बार सड़क जाम की स्थिति निर्मित होती थी और इस मार्ग से आने-जाने वालों को आए दिन इस समस्या का सामना करना पड़ता था।

### दुकानों को हटाया गया

मंगला बस्ती मार्ग पर आज दूसरे दिन भी बेजा कब्जा तोड़ने की कार्रवाई हुई है। मंगला रोड में पेट्रोल पंप के आसपास सड़क किनारे बेजा कब्जा पर बनाए गए दुकानों को हटाया गया है और कार्रवाई के बाद वहां पड़े मलबा को भी हटाया जा रहा है।

**-प्रमिल शर्मा**
प्रभारी, अतिक्रमण शाखा ननि



कार्रवाई के दौरान निगम कर्मचारियों से विवाद करते लोग।

# सरजू बगीचा में भारी विवाद के बाद निगम ने खुलवाया रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मसानगंज सरजू बगीचा में आम रास्ता खुलवाने को लेकर सोमवार को भारी विवाद हुआ। नगर निगम का अमला जेसीबी लेकर रास्ता खुलवाने पहुंचा था, किन्तु गोविंद तिवारी परिवार द्वारा वहां पर विरोध करने से हंगामा, धक्का-मुक्की की नौबत आ गई। नगर निगम ने पुलिस बल की उपस्थिति में रास्ता खुलवाया। सप्ताहभर पहले ही यहां पर रास्ते के बीच खड़ी की गई प्रीकास्ट की दीवार को ढहाया गया था।

- पुलिस बल की मौजूदगी में गड्ढे को पाटकर मिट्टी के ढेर को हटवाया

सरजू बगीचा में सांईकृपा हास्पिटल के पास गोविंद तिवारी द्वारा प्रीकास्ट की दीवार खड़ी कर रास्ते को घेर दिया गया था। ये आमजनों के आने-जाने का रास्ता था, जिसपर बाउंड्रीवाल खड़ी कर दी गई थी, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होती थी। इस पर पिछले सप्ताह ही निगम के अतिक्रमण शाखा की टीम द्वारा बाऊंड्रीवाल को तोड़ने की कार्रवाई की गई थी और वहां पर काफी विवाद हुआ था। आखिरकार निगम ने कार्रवाई कर अवैध रूप से कब्जा कर बनाई गई बाऊंड्रीवाल को ढहा दिया था।

प्रीकास्ट की दीवार ढहाए जाने के बाद रास्ता को फिर से अवरूद्ध कर दिया गया था और वहां पर जेसीबी की मदद से गड्ढा कर मिट्टी का ढेर लगा दिया गया था, जिससे फिर से मोहल्लेवासियों को आने-जाने में समस्या होने लगी। इसके बाद फिर से मोहल्ले वालों ने नगर निगम कमिश्नर और कलेक्टर से मिलकर इसकी शिकायत की थी। शिकायत पर नगर निगम का अमला रास्ता खुलवाने पहुंचा तो वहां पर श्री तिवारी के परिवार द्वारा विरोध चलते काफी विवाद, हंगामा हुआ और काफी देर तक विवाद के बाद पुलिस बल की उपस्थिति में रास्ते पर किए गए गड्ढे को पाटा गया और मिट्टी के ढेर को हटाकर रास्ता खुलवाया गया।

# बुजूर्ग महिला के गले से लॉकेट लूटने वाला नकाबपोश युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिनदहाड़े घर में घुसकर बुजूर्ग महिला के गले से सोने का लॉकेट लूटकर भागने वाले नकाबपोश को पकड़ने में पुलिस के सफलता मिल गई। पुलिस ने सी सी टी वी फुटेज के माध्यम से नकाबपोश युवक को पकड़कर लूट के सोने का लाकेट बरामद कर लिया है।



कोतवाली पुलिस के अनुसार, कतियापारा कृष्णा नगर निवासी सुलक्षणी देवी हरियाणी पति स्व. गुरूचरण हरियाणी 80 साल सोमवार को दोपहर 3 बजे घर के अंदर बैठी हुई थी। इसी दौरान ग्रे रंग की जूपीटर में एक युवक आया और चेहरे में गमछा बांधकर अंदर घुस गया। उसने श्रीमती हरियाणी से पूछा भैया है क्या, उन्होंने कहा कि दुकान में है, वहां जाओ। उसके बाद युवक उनके गले में छपट्टा मारकर सोने का चेन छीनने लगा। श्रीमती हरियाणी ने चेन पकड़ लिया, जिससे वह टूट गया और चेन उनके हाथ में ही रह गया और नकाबपोश सोने का लॉकेट लेकर भाग गया। बुजूर्ग महिला के शोर मचाने पर घरवालों को घटना की जानकारी हुई। दिनदहाड़े घर के अंदर से लूट की वारदात होने से मोहल्ले में हड़कंप मच गया।

### ऐसे पकड़ा गया आरोपी

लूट की सूचना मिलते ही टीआई कमला पुसाम ठाकुर, गोकूल जांगड़े, प्रेम सूर्यवंशी, नुरूल कादिर मौके पर पहुंच गए। बुजूर्ग महिला से जानकारी लेने के बाद आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला गया। जिसमें युवक जूपीटर में बिना नकाब के जाते दिखाई दे रहा था। आसपास पतासाजी करने पर उसकी पहचान कश्यप कालोनी गली नम्बर 7 निवासी अभिषेक उर्फ पिंटू तिवारी पिता सुरेन्द्र तिवारी 40 साल के रूप में हुई। पुलिस ने पुराना बस स्टैण्ड में दबिश देकर उसे पकड़ लिया है। उसके पास से सोने का लॉकेट, वारदात में प्रयुक्त जूपीटर बरामद कर लिया गया है। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है।

# राइस मिल से चोरी का केबल कबाड़ी की दुकान में मिला, 6 माह बाद लिखी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राइस मिल से चोरी गए 50 हजार के केबल तार को संचालक ने पतासाजी कर कबाड़ी के गोदाम से खोज निकाला। उसके बाद पुलिस ने 6 माह बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। पहले उन्हें लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया गया था। मजेदारबात ये है कि चोरी का केबल तार मिलने के बाद भी कबाड़ी पर कार्रवाई नहीं हुई है।

- चोरी का माल मिलने के बाद भी कबाड़ी पर नहीं हुई कार्रवाई

रतनपुर पुलिस के अनुसार, पुराना बस स्टैण्ड निवसी अमित कुमार गुप्ता पिता मुरारी लाल गुप्ता सांधीपारा बाइपास में राईस मिल चलाते हैं। 6 सितंबर 2023 की रात 8 बजे वे राइस मिल बंदकर घर चले गए थे। चौकीदार की मृत्यु होने से उन्होंने पर उन्होंने दूसरा चौकीदार नहीं रखा था। वे 7 सितंबर की सुबह 9.30 बजे राईस मिल गए तो मिल से 50 हजार का केबल तार चोरी हो गया था। वह चोरी की रिपोर्ट लिखाने थाने गए तो उनसे लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया गया था। पुलिस से सहयोग नहीं मिलने पर वे चोरी गए केबल तार को स्वयं खोज रहे थे। उन्होंने रतनपुर के एक कबाड़ी दुकान में जाकर देखा तो मिल से चोरी केबल तार रखा हुआ था। रविवार को श्री गुप्ता ने थाने जाकर बताया कि उनके मिल से चोरी गया केबल तार कबाड़ी की दुकान में रखा हुआ है। चोरी का माल मिलने पर 6 माह बाद एफआईआर लिखी गई। पुलिस ने श्री गुप्ता की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज किया है। मजेदारबात ये है कि चोरी का केबल तार मिलने के बाद भी कबाड़ी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है।

### थानों में चल रहा था रामराज

पहले थानों में रामराज चल रहा था। चोरी, लूट, उठाईगीरी जैसे गंभीर मामले को थानेदार गंभीरता से नहीं ले रहे थे। पीड़ितों से लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया जा रहा था। कार्रवाई के लिए पीड़ितों को थाने का चक्कर काटना पड़ रहा था। मजेदारबात यह है कि राजपत्रित अधिकारी भी आंख बंद कर तमासा देखने में लगे हुए थे।

### शिकायत ली गई थी

7 सितंबर को राइस मिल से केबल तार चोरी होने की रिपोर्ट लिखाने गया था। उस दौरान थाने में लिखित शिकायत ली गई थी। रविवार को कबाड़ी दुकान में चोरी का केबल मिलने पर सूचना देने गया तब चोरी की एफआईआर लिखी गई है।

**-अमित कुमार गुप्ता,** पीड़ित

### तार मिलने पर लिखाई रिपोर्ट

पहले पीड़ित के द्वारा शिकायत नहीं की गई थी। वह स्वयं चोरी गए तार को खोज रहा था। कबाड़ी दुकान में केबल तार मिलने के बाद थाने में रिपोर्ट लिखाई गई है। कबाड़ी दुकान से केबलतार जब्त कर दो लोगों को पकड़ा गया है।

**-देवेश सिंह राठौर,** रतनपुर टीआई

# मंदिर से भगवान का चांदी का मुकुट दानपेटी और डीवीआर ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** सिलसिलेवार चोरी के बाद नहीं पकड़े जाने पर चोर गिरोह बेखौफ हो गया है। आलम ये है कि वे अब मंदिरों में भी चोरी कर रहे हैं। एक बार फिर तोरवा क्षेत्र के एक मंदिर से चोरों ने भगवान का चांदी का मुकुट, दानपेटी और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर लिया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, महमंद निवासी आटो चालक नरेन्द्र निषाद पिता शंभूराम निषाद ने रिपोर्ट लिखाई कि 3 मार्च को सुबह 6 बजे सुकवा तालाब के पास बने पंचमुखी हनुमंतधाम मंदिर साफ सफाई करने गए थे। उन्होंने देखा कि मंदिर के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी और अंदर से दानपेटी, चांदी का मुकुट, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर, एम्प्लीफायर चोरी हो गया था। उन्होंने सरपंच पति सहित अन्य लोगों को सूचना दी। मंदिर में चोरी होने से गांव में हड़कंप मच गया। लोगों ने चोरी की सूचना तोरवा पुलिस को दी। पुलिस मंदिर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री निषाद की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

### एक सप्ताह पहले मंदिर में हुई थी चोरी

26 फरवरी की रात शुभम विहार कालोनी स्थित शिव मंदिर में चोरों ने धावा बोलकर दानपेटी से 25 से 30 हजार रुपए चोरी कर लिया था। 27 फरवरी को कालोनी के लोगों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो एक युवक कालोनी में घूमते नजर आ रहा था। कालोनी के अध्यक्ष संदीप अवस्थी सीसीटीवी फुटेज सहित चोरी की रिपोर्ट लिखाई। एक सप्ताह बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।







# मप्र से नट गिरोह के तीन लोग हिरासत में

**बिलासपुर।** रतनपुर में 50 हजार रुपए की उठाईगीरी करने वाले गिरोह को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिल गई है। पुलिस ने मध्यप्रदेश में कैम्प कर नट गिरोह के तीन लोगों को पकड़कर चोरी के रूपए व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर लिया है। गिरोह के सदस्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

- रतनपुर में 50 हजार की उठाईगीरी

ज्ञात हो कि 22 फरवरी को रतनपुर धौरामुड़ा नगरिहापारा निवासी किसान शंकर सिंह टेकाम ने बेलतरा सहकारी बैंक से 50 हजार रुपए निकालकर पन्नी में बांधकर बाइक की चेन वाली डिक्की में रख दिया था, जबकि उसका चेन खराब था। बैंक से निकलने के बाद उन्होंने गैरेज जाकर बाइक रिपेयर कराई। उसके बाद नेशनल हाइवे में मुख्य सड़क में बाइक खड़ी कर मेडिकल स्टोर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और डिक्की से रुपए चोरी कर पाली की ओर भागने लगे। श्री टेकाम ने दोनों युवकों का पीछा किया, किन्तु वह भाग निकले। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो उठाईगीर यूनिकार्न बाइक में भागते नजर आए। खबर है कि सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्य एकत्रित करने के बाद पुलिस टीम मध्यप्रदेश बेवहारी में कैम्प कर नट गिरोह के तीन लोगों को पकड़ लिया है। उनके कब्जे से चोरी के 40 हजार रुपए व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर लिया है। पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर अन्य उठाईगीरी के संबंध में पूछताछ करने में लगी हुई है। बहरहाल नट गिरोह के सदस्यों के पकड़े जाने की अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## जवाहर उत्कर्ष योजना की परीक्षा 10 मार्च को

**बिलासपुर।** जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातीय वर्ग के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को वर्ष 2024-25 में राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने 10 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित चयन परीक्षा आयोजित की गई है। जिसके लिए बिल्हा, कोटा, मस्तूरी एवं तखतपुर के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र डेल्टा पब्लिक स्कूल, पुराना हाई कोर्ट के सामने, गुम्बर कॉम्प्लेक्स, गांधी चौक निर्धारित किया गया है।